दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
रायपुर, शुक्रवार 23 अप्रैल 2021, शुक्लपक्ष-एकादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-75 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

कलेक्टरों को राज्य के चेकपोस्टों, बस स्टेंडों, रेल्वे स्टेशनों में अन्य राज्यों से आने वाले लोगों की टेस्टिंग की व्यवस्था के निर्देश

रेमडेसिविर की आपूर्ति सिर्फ अस्पतालों को ही होगी : सीएम

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उपभोक्ताओं को नि: शुल्क मिलेगा मई और जून माह का खाद्यान्न

■ कोरोना जांच के बिना किसी को राज्य की सीमा में प्रवेश की अनुमति नहीं

■ निगमों को उनकी डिमांड के अनुसार इलेक्ट्रिक शवदाह गृह की स्थापना की स्वीकृति देने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राज्य के नगर निगम क्षेत्रों में कोरोना महामारी के नियंत्रण, उपचार एवं जरूरतमंद लोगों की मदद के संबंध में महापौर, कलेक्टर एवं निगम आयुक्तों की वर्चुअल बैठक लेकर अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की गंभीर चुनौती हमारे सामने है। राज्य के नगरीय इलाकों में विशेषकर नगर निगम क्षेत्रों में कोरोना संक्रमितों की संख्या अत्यधिक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में निगम क्षेत्रों में साफ-सफाई, मेडिकल वेस्ट के निष्पादन, होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों को दवाओं तथा राशन, फल-सब्जी के आपूर्ति की व्यवस्था की बड़ी जिम्मेदारी नगर निगमों पर है। उन्होंने कोरोना संकट काल में उक्त जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन के लिए नगरीय निकायों के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कोरोना की चुनौती से निपटने के लिए हम सबको बिना थके, बिना रूके सामंजस्य के साथ काम करना है। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाना चाहिए।

राजनांदगांव की मुख्य स्वास्थ्य सचिव को हटाया

कोरोना के मरीजों को उनके जरूरत के अनुरूप रेमडेसिविर इंजेक्शन की आपूर्ति अस्पतालों के माध्यम से की जाएगी। राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन एवं अन्य उपचारात्मक व्यवस्थाओं के संबंध में मिली शिकायत पर नाराजगी जताई और अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य रेणु जी. पिल्ले को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए।

जरूरतमंदों को राशन एवं गर्म भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश

राज्य के सार्वजनिक वितरण प्रणाली उपभोक्ताओं को मई एवं जून माह का राशन एक साथ निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने लॉकडाउन की अवधि में राजनीतिक दल और दानदाताओं के सहयोग से जरूरतमंदों को सूखा राशन एवं गर्म भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टरों एवं निगम आयुक्तों को दिए। मुख्यमंत्री ने बाहर से आने वाले श्रमिकों एवं अन्य लोगों की कोरोना टेस्टिंग की व्यवस्था के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इसके लिए रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडो, एवं राज्य के सीमावर्ती चेक पोस्टों पर कोरोना टेस्टिंग टीम अनिवार्य रूप से तैनात की जानी चाहिए। बिना टेस्टिंग बाहर से आने वाले को राज्य की सीमा में प्रवेश न दिया जाए।

आज बेबाक

वैश्विक महामारी कोरोना के खिलाफ जंग में जब सिस्टम फेल हो रहा है और कोरोना का कहर सरकार के रोके नहीं रूक रहा है तो ऐसे में एक ही रास्ता रह जाता है कि हम अपने बॉस खुद बनें। दूसरे शब्दों में कहें तो इस महामारी के खिलाफ लड़ाई में अपनी लड़ाई खुद लड़े। आत्मनिर्भर बनें और कोरोना वायरस से अपनी रक्षा खुद करें। यदि हम ऐसा नहीं करेंगे तो निश्चित रूप से खता खाएंगे। याद रखें कोरोना से अगर आप को कोई बचा सकता है तो वह आप खुद है। अपने लिए लक्ष्मण रेखा खुद खीचें और उसे पार न करें।

खास-खबर

ट्रेन से टकराये ट्रक, पांच की मौत

शाहजहांपुर(वार्ता)। शाहजहाँपुर में आज भयंकर ट्रेन हादसा हो गया जिसमें एक बच्चे सहित 5 लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए बरेली भेज दिया गया है। जिसमे कई की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने राहत और बचाव कार्य शुरू करवाया।

दूसरी लहर का कहर, रिकार्ड तीन लाख से अधिक नये मामले

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में कोरोना की दूसरी लहर भारी कहर बरपा रही है और पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण के तीन लाख से अधिक नये मामले सामने आये हैं वहीं दूसरे दिन भी दो हजार से अधिक संक्रमितों की मौत हो गयी। इस बीच देश में बुधवार को 22,11,334 व्यक्तियों को कोरोना का टीका लगाया गया तथा अब तक 13 करोड़ 23 लाख 30 हजार 644 लोगों को टीकाकरण किया जा चुका है।

राष्ट्रीय आपातकाल जैसे हालात..

ऑक्सीजन और दवाओं की कमी पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

नई दिल्ली। देशभर में कोरोना के रोज बढ़ते मामले और साथ में दवाओं-ऑक्सीजन के लिए मचे हाहाकार के बीच सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को लेकर सख्ती दिखाई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर यह पूछा है कि कोरोना वायरस से निपटने के लिए उनकी क्या योजना है। हाई कोर्ट में कोरोना से जुड़े मामलों की सुनवाई को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह नोटिस जारी किया है। मौजूदा स्थिति को 'राष्ट्रीय आपातकाल' के समान बताते हुए चीफ जस्टिस एसए बोबडे की खंडपीठ ने सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से ऑक्सीजन और दवाओं की सप्लाई और टीकाकरण को लेकर भी जवाब मांगा है। कोर्ट ने केंद्र से कहा है कि वह कोरोना से लड़ने के लिए अपनी राष्ट्रीय स्तर पर तैयार की योजना बताए। कोर्ट ने केंद्र सरकार से चार बिंदुओं पर जवाब मांगा है। केंद्र ने कहा है कि सरकार ऑक्सीजन सप्लाई, जरूरी जवाओं की सप्लाई, टीकाकरण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश के छह हाई कोर्ट में कोरोना से जुड़े मामलों की सुनवाई

चीफजस्टिस एसए बोबडे ने इस दौरान यह भी कहा कि मौजूदा समय में देश के छह हाई कोर्ट में कोरोना से जुड़े मामलों की सुनवाई हो रही है। इसमें दिल्ली, बॉम्बे, सिक्किम, कलकत्ता और इलाहाबाद हाई कोर्ट शामिल हैं। चीफ जस्टिस ने इतने हाई कोर्टों में सुनवाई को लेकर कहा, 'इससे भ्रम पैदा हो रहा है।' लाइव लॉ की खबर के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल यानी कल होगी। कोर्ट ने वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे को एमिकस क्युरी भी नियुक्त किया है।

केंद्र सरकार ने लागू किया डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट

ऑक्सीजन ट्रांसपोर्ट में बाधा आई तो डीएम, एसपी के खिलाफ ऐक्शन, सप्लाई में लगीं गाड़ियों की जब्ती भी नहीं

■ ऐसी कई रिपोर्ट्स आ रही हैं कि कुछ राज्य दूसरे राज्यों के लिए जा रहे ऑक्सीजन के ट्रांसपोर्टेशन में बाधा खड़ी कर रहे हं

नई दिल्ली/ए.। केन्द्र ने गुरुवार को राज्यों को निर्देश दिया कि वे मेडिकल ऑक्सीजन का बिना किसी बाधा के उत्पादन और आपूर्ति के साथ-साथ उसके एक राज्य से दूसरे राज्य तक ट्रांसपोर्टेशन सुनिश्चित करें। मंत्रालय ने यह भी कहा कि इस आदेश का पालन नहीं होने पर संबंधित जिले के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक जवाबदेह होंगे। कोविड-19 मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण ऑक्सीजन की मांग में वृद्धि के बाद कुछ राज्यों की तरफ से अन्य राज्यों को मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित किए जाने की खबरों की पृष्ठभूमि में केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कठोर आपदा प्रबंधन कानून, 2005 के तहत यह आदेश जारी किया। भल्ला ने कहा कि कोविड-19 के मध्य और गंभीर लक्षण वाले मरीजों के इलाज के लिए मेडिकल ऑक्सीजन की पर्याप्त और निर्बाध उपलब्धता महत्वपूर्ण है और संक्रमण के मामले बढ़ने के साथ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में आवश्यकता के अनुसार ऑक्सीजन की आपूर्ति बनाए रखना आवश्यक है। मंत्रालय ने कहा कि ऑक्सीजन उत्पादकों पर अधिकतम सीमा की कोई पाबंदी नहीं होनी चाहिए और आपूर्तिकर्ता जिस राज्य या केन्द्र शासित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ऑक्सीजन पर कोई पांबदी नहीं होनी चाहिए: गृह सचिव

गृह सचिव ने कहा, 'इसलिए, कोविड-19 मरीजों के प्रबंधन हेतु देश भर में मेडिकल ऑक्सीजन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए, आपदा प्रबंधन कानून के तहत प्राप्त अधिकारों का उपयोग करते हुए, राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के अध्यक्ष की हैसियत से अधोहस्ताक्षरी, राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की सरकारों, राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रशासन को अपने अधिकार क्षेत्र में निम्न निर्देशों का पालन सुनिश्चत करने का निर्देश देता है।' आदेश में कहा गया है कि मेडिकल ऑक्सीजन का परिवहन करने वाले वाहनों की राज्यों के बीच आवाजाही पर पाबंदी नहीं होनी चाहिए और परिवहन निगमों को ऑक्सीजन परिवहन में शामिल वाहनों के स्वतंत्रता पूर्वक आने-जाने की अनुमति देने का निर्देश दिया जाना चाहिए।

एक नजर इधर भी...

संक्रमण में इजाफा 12वीं की परीक्षा स्थगित हुई

रायपुर। राज्य में कोरोना संक्रमण मरीजों की संख्या में 15 हजार का आंकड़ा पार होने के साथ ही राज्य शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम ने 12 की होने वाली बोर्ड वार्षिक परीक्षा स्थगित कर दिया है। ज्ञातव्य है कि प्रदेश में 10 वीं के बाद 12वीं की परीक्षा भी स्थगित कर दी गई हैं, 12वीं की परीक्षाएं 3 मई से होने वाली थी। मिली जानकारी के अनुसार इसके पहले राज्य शासन ने 10वीं बोर्ड की परीक्षाएं स्थगित की थी। 10वीं बोर्ड की परीक्षाएं 15 अप्रैल से होने वाली थी।

स्वास्थ्य विभाग ने सात लैबों को जारी किया नोटिस

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना की आरटीपीसीआर जांच के बाद समय-सीमा में आई.सी.एम.आर. पोर्टल पर जानकारी दर्ज नहीं करने वाले सात लैबों को नोटिस जारी किया है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन लैबो के खिलाफनोटिस जारी की गई है उनमें राजधानी रायपुर के छह और भिलाई का एक लैब शामिल है। विभाग ने इन लैबों के प्रबंधकों को नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर जवाब पेश करने को कहा है। अगर जवाब नहीं दिया गया तो तो छत्तीसगढ़ पब्लिक एक्ट, छत्तीसगढ़ एपिडेमिक डिजीज कोविड-19 रेगुलेशन, 2020 के तहत इनका लायसेंस रद्द करने की बात भी विभाग ने कही है।

छत्तीसगढ़ सहित 19 राज्यों के लिए रेमडेसिविर जल्द मिलेगी

रायपुर। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्यों को रेमडेसिविर अलॉट किया है। सरकार ने छत्तीसगढ़ समेत 19 राज्यों को रेमडेसिविर इंजेक्शन की सप्लाई करेगी। छत्तीसगढ़ को रेमडेसिविर की 48 हजार 250 इंजेक्शन मिलेगी। 22 से 30 अप्रैल के बीच रेमडेसिविर इंजेक्शन रायपुर पहुंचेगी। इसके अलावा सरकारी और निजी सप्लाई के लिए 11 लाख रेमडेसिविर अलॉट हुआ है।

बिना कोरोना टेस्ट छग में प्रवेश निषेध : सीएम

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नेराज्य में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए ट्वीट कर सपष्ट निर्देश दिए है कि बिना कोरोना टेस्टिंग के किसी को राज्य के अंदर प्रवेश नही दिया जाएगा। श्री बघेल ने कहा कि कोरोना के प्रभाव को देखते हुए राज्य की सीमाओं को तत्काल सील करने का निर्देश दिए गए है। जिसकेबाद अब बिना टेस्टिंग के कोई भी राज्य में प्रवेश नही कर सकेंगे। वही छत्तीसगढ़ के कई जिलों में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर घातक सिद्ध हो रही है। राज्य सरकार द्वारा जिलों में बढ़ते संक्रमण को देखते लॉकडाउन लगाया व बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में 26 अप्रैल तक लॉकडाउन लागू है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र

केन्द्र एवं राज्य सरकारों से कोरोना वैक्सीन हेतु लिया जाये समान दर

1 मई से राज्य में टीकाकरण का महा-अभियान होगा आरंभ

■ 18 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी नागरिकों के लिये वैक्सीन की राज्य सरकार द्वारा की जायेगी नि:शुल्क व्यवस्था

■ बड़े पैमाने पर वैक्सीनेशन कार्यक्रम संचालित करने हेतु वृहद कार्य योजना तैयार करना आवश्यक

■ भारत सरकार की ओर से राज्य को माहवार प्रदाय की जाने वाली वैक्सीन की संख्या की मांगी जानकार

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ में 18 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी नागरिकों के लिये वैक्सीन की राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क व्यवस्था करते हुए बड़े पैमाने पर वैक्सीनेशन कार्यक्रम संचालित करने हेतु वृहद कार्य योजना तैयार करने हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने मांग किया है कि वैक्सीन के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकारों से समान दरें ली जाये। मुख्यमंत्री बघेल ने पत्र में उल्लेख किया है कि भारत सरकार के 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के 1 मई 2021 से वैक्सीनेशन किये जाने के निर्णय के परिपेक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि भारत सरकार से प्राप्त होने वाली वैक्सीन के अतिरिक्त शेष 18 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश में कोरोना की दूसरी लहर मचा रही तबाही, चीन बोला- मदद करने को तैयार

बीजिंग/ए.। देश में पिछले एक साल से भी ज्यादा समय से कोरोना वायरस महामारी कहर बरपा रही है, लेकिन कुछ दिनों पहले शुरू हुई दूसरी लहर में सभी रिकॉर्ड्स टूट गए हैं। देश के कई अस्पतालों में बेड्स, ऑक्सीजन की कमी होने लगी है, जिसके चलते कई मरीजों की जान खतरे में पड़ गई है। दूसरी लहर के कहर के बीच पड़ोसी देश चीन मदद के लिए सामने आया है। चीन ने गुरुवार को कहा है कि वह भारत को महामारी से सहायता और मेडिकल सप्लाई देने के लिए तैयार है। मालूम हो कि कोरोना वायरस की शुरुआत साल 2019 के अंत में चीन के वुहान शहर से ही हुई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में यह वायरस फैल गया। अभी तक लाखों लोगों की महामारी के चपेट में आने की वजह से मौत हो चुकी है।

दुनिया के सभी रिकॉर्ड्स हुए ध्वस्त

भारत में भी रोजाना रिकॉर्डतोड़ मामले सामने आ रहे हैं। गुरुवार को सामने आए आंकड़ों के अनुसार, देश में 24 घंटे में 3,14,835 नए मामले मिले हैं। इतने मामले जब से महामारी की शुरुआत हुई है, तब से दुनिया के किसी भी देश में एक दिन में सामने नहीं आए हैं।

सोनिया का पीएम मोदी को पत्र, बोलीं-एक वैक्सीन के 3 दाम कैसे? फ्री टीके देने से बच रही सरकार

नई दिल्ली/ए.। भारत सरकार ने आने वाले दिनों में 18 साल से अधिक उम्र के लोगों को कोरोना वैक्सीन दी जाने की घोषणा की है। इसको लेकर अब कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। सोनिया ने पत्र में केंद्र सरकार की वैक्सीन पॉलिसी पर सवाल खड़े किए हैं। पत्र में सरकार की नीति को मनमाना और भेदभावपूर्ण करार देते हुए बदलाव की मांग की गई है। सोनिया गांधी का आरोप है कि कोरोना टीका की नई नीति के जरिए केंद्र सरकार ने 18 से 45 साल के लोगों को मुफ्त टीका उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी से पीछा छुड़ा लिया है। दरअसल, सीरम इंस्टीट्यूट ने बीते दिन अपनी कोविशील्ड वैक्सीन के दाम जारी किए, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार के लिए अलग-अलग दाम तय किए गए हैं। सीरम ने जो रेट लिस्ट जारी की है, उसके मुताबिक राज्य सरकार को 400 रुपये प्रति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कामयाबी

फोर्ब्स मैगजीन ने एशिया के 30 मेधावी लोगों की सूची में श्रिति पांडेय को दी जगह

श्रिति ने पराली से बना दिया कोविड अस्पताल, 'फोर्ब्स' ने माना लोहा

■ पराली और धान की भूसी से मरीजों के लिए 50 बेड का अस्पताल बनाया

गोरखपुर/ए.। गोरखपुर की रहने वाले श्रिति पांडेय देश के कई हिस्सों में अपनी कंपनी के जरिए काम कर रही हैं। श्रिति ने साल 2014 में बीटेक करने के बाद न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी से कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट में मास्टर की डिग्री हासिल की है।

फोर्ब्स की सूची में जगह मिलने के बाद बिहार के उसके उस प्रोजेक्ट की चर्चा फिर से शुरू हो गई है। श्रिति ने पिछले साल महज 80 दिनों के अंदर पराली और धान की भूसी से कोविड मरीजों के लिए 50 बेड का अस्पताल बना दिया था।

बना दिया कोविड अस्पताल

बिहार की राजधानी पटना से सटे मसाढ़ी में धान की भूसी और पराली से श्रिति पांडे ने कोविड अस्पताल बना दिया है। इस अस्पताल में 50 मरीजों का इलाज चल रहा है। यह अस्पताल विटेक्स फाउंडेशन का है। श्रिति पांडेय को इस अस्पताल को बनाने में महज 80 दिन लगे थे। फोर्ब्स ने अपनी सूची में जब श्रिति को जगह दी है, तो खूब चर्चा भी हो रही है।

सस्ते में तैयार होता है घर

बताया जा रहा है कि श्रिति पांडेय अपने इस प्रयोग से सस्ते दामों में घर तैयार कर देती हैं। कई राज्यों की सरकारें भी इसमें दिलचस्पी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ऐसे काम करती है श्रिति

श्रिति को इस प्रयोग के लिए फोर्ब्स मैगजीन ने एशिया के 30 मेधावी लोगों में उसे जगह दी है। श्रिति पांडेय गेहूं के डंठल, धान के पुआल और भूसे के कंप्रेस्ड से एग्री फाइबर पैनल तैयार करती है। इसी के जरिए वह मकान बनाती है। बताया जाता है कि इससे काफी कम लगात में घर तैयार हो जाता है। बिहार समेत देश के कई हिस्सों में श्रिति की कंपनी अपने प्रोजेक्ट पर काम कर रही है।

अमेरिका से पढ़ाई पूरी करने के बाद कर रही अपना काम

गोरखपुर की रहने वाली श्रिति पांडेय अमेरिका में पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने काम में लग गई हैं। कोरोना काल के दौरान उसने बिहार में ही कोविड रिलीफअस्पताल तैयार किया था। इस प्रोजेक्ट के लिए श्रिति पांडे की खूब तारीफहुई थी। बिहार में यह पटना सटे फतुहा के मसाढ़ी गांव में है।

क्वारंटीन में मिल रहे दुखद समाचारों से क्षुब्ध हूं: राहुल

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी के पुत्र और दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके वालिया की कोरोना से निधन की खबर पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि क्वारंटीन में रहते हुए मिल रहे दुःखद समाचारों से बहुत क्षुब्ध हूं। श्री गांधी ने श्री येचुरी के पुत्र आशीष के निधन पर परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और उम्मीद जताई कि भगवान उन्हें यह विपत्ति सहन करने की क्षमता प्रदान करेंगे। उन्होंने कांग्रेस नेता एके वालिया के निधन पर भी गहरा शोक जताया और कहा कि वह सामाजिक सरोकारों से जुड़े पार्टी के महत्वपूर्ण नेता थे। उन्होंने डॉक्टर वालिया के परिवार के सदस्यों और उनके मित्रो के प्रति संवेदना व्यक्त की। पिछले दिनों कोरोना संक्रमित होने के बाद क्वारन्टीन में चल रहे श्री गांधी ने कहा, घर पर क्वॉरंटीन हूं और लगातार दुखद समाचार आ रहे हैं। भारत में संकट सिर्फ़ कोरोना नहीं, केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियां हैं। झूठे उत्सव एवं खोखले भाषण नहीं, देश को समाधान दो।

कोरोना योद्धा का आयुक्त सर्वे ने बढ़ाया हौसला

जान जोखिम में डालकर अंतिम संस्कार, मुक्तिधाम पहुंचे आयुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। पूर्ण रूप से महामारी का रूप ले चुके कोरोना से निपटने कई लोग अपनी जान की परवाह तक नहीं कर रहे। ऐसे ही लोगों में शामिल है रिसाली निगम के स्वच्छता मित्र जो हर दिन कोरोना संक्रमितों का अंतिम संस्कार कर रहे है। ऐसे ही लागों का हौसला बढ़ाने नगर पालिक निगम के आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे व नोडल अधिकारी रमाकांत साहू की शाम मुक्तिधाम पहुंचे। शासन प्रशासन कोरोना वायरस से बचने आमजनों को घरों में कैद होने की सलाह दे रहे है।

वहीं निगम के आधा सैकड़ा से भी ज्यादा कर्मचारी कोरोना संक्रमित के निवास स्थान पहुंचकर भोजन व दवाई उपलब्ध करा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी निरीक्षक बृजेन्द्र परिहार ने बताया कि कोरोना संक्रमितों की मृत्यु होने पर उनके कर्मचारी कोविड गाइड लाइन का पालन कर रहे हैं। बिना शुल्क लिए वे जान जोखिम में डालकर मुक्तिधाम में डटे हुए है। कई बार उन्हे पीड़ितों की खरी खोटी भी सुननी पड़ती हैं।

21 दिन में 400 लोगों का किया अंतिम संस्कार

कोरोना की वजह से मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए अपनी पारी का इंतजार करना पड़ रहा हैं। 1 अप्रेल से बुधवार याने 21 अप्रेल की स्थिति में लगभग 400 लोगों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है। इस आकड़े में सामान्य बीमारी से होने वाली मौत भी शामिल हैं। कोरोना संक्रमितों का अंतिम संस्कार कोविड गाइड लाइन के हिसाब से किया जा रहा हैं।

व्यवस्था का लिया जायजा

निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे व नोडल अधिकारी रमाकांत साहू बुधवार की शाम रिसाली मुक्तिधाम पहुंचे। इस दौरान आयुक्त ने फ्रंटलाइन में कार्य करने वाले कर्मचारियों से मुलाकात कर मुक्तिधाम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आयुक्त ने लकड़ी व अन्य संसाधनों के बारे में विस्तार से चर्चा की। आयुक्त ने प्रस्तावित विद्युत शवदाह गृह के लिए स्थल निरीक्षण भी किया।

ड्यूटी पर अनुपस्थित स्टाफ को शोकाज नोटिस, पंजीयन होगा रद्द

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रदेश में कोविड संकट को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यक स्थिति के चलते एस्मा एक्ट लागू है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए मरीजों के इलाज एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाओं हेतु स्वास्थ्य अमले की ड्यूटी जिला चिकित्सालय तथा चंदूलाल चंद्राकर हास्पिटल में लगाई गई है। इनमें कुछ स्टाफ ने अब तक उपस्थिति नहीं दी है। सीएमएचओ ने इन्हें प्रदेश में प्रभावी एस्मा एक्ट के अंतर्गत ड्यूटी में तत्काल उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं अन्यथा की स्थिति में महामारी एक्ट के अंतर्गत इनका पंजीयन रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कालेज कोविड केयर सेंटर में ड्यूटी लगाये जाने पर अभी तक उपस्थिति नहीं देने वाले 1 चिकित्सा अधिकारी, 1 बीडीएस, 2 इंटर्न डाक्टर, 5 आईसीयू स्टाफ नर्स, 9 स्टाफ नर्स एवं 3 एएनएम को यह नोटिस दी गई है। इसी प्रकार जिला चिकित्सालय में ड्यूटी लगाये जाने पर अभी तक उपस्थिति नहीं देने वाले 1 आईसीयू स्टाफ नर्स, 1 स्टाफ नर्स, 8 वार्ड ब्वाय एवं 2 आया को शो काज नोटिस जारी की गई है। उल्लेखनीय है कि राज्य में 15 अप्रैल से एस्मा एक्ट लागू है जिसके तहत समस्त स्वास्थ्य सुविधाएं तथा डाक्टरए नर्स एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक सेवाओं में शामिल किया गया है।

न्यूज गैलरी

गुरुकुल फाउंडेशन ने दी 10 सीपेप मशीन

दुर्ग। कोरोना के इस कठिन समय में सकारात्मक बात यह है कि सेवाभावी संस्थाएं आगे बढ़कर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अपना योगदान कर रही हैं। आज गुरुकुल फाउंडेशन के जयंत पांडे, सुबोध ठाकुर, के सत्यनारायण की ओर से स्वास्थ्य विभाग को 10 सीपेप मशीन सौंपी गई। इस दौरान अपर कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, जिला पंचायत सीईओ सच्चिदानंद आलोक, सीएमएचओ डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर, कोविड नोडल प्रभारी डॉ. सुगम सावंत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने गुरुकुल फाउंडेशन के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोरोना के इस कठिन समय में हेल्थ सर्विसेज को बेहतर करने के लिए सामाजिक संस्थाओं की ओर से जितनी मदद मिलेगी, मरीजों को उतनी ही अधिक राहत मिल सकेगी। उल्लेखनीय है कि सीपेप मिनी वेंटिलेटर की तरह काम करता है। इसे जंबो सिलेंडर से जोड़ दें तो छह घंटे तक लगातार आक्सीजन की आपूर्ति कर सकता है।

सीएम बघेल का निर्णय जनहितकारीः साहू

भिलाई। 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को 1 मई से कोरोना वैक्सीन दिया जाना है। प्रदेश की भूपेश सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए सभी को निःशुल्क टीका लगाने की बात कही है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तुलसी साहू ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के फैसले को जनहितकारी बताते हुए कहा कि उन्होंने 18 वर्ष से ऊपर के युवाओं को निःशुल्क वेक्सीन देने का फैसला लिया हैं। यह छत्तीसगढ़ प्रदेश वासियों के जीवन रक्षा को ध्यान में रखकर लिया गया फैसला हैं। जिससे प्रदेश के हर व्यक्ति और खास कर काम काजी वर्ग को सुरक्षित किया जाए। संभवतः पूरा प्रदेश इस एक फैसले के कारण कोरोना महामारी से बाहर निकल सकता हैं। जबकि अन्य भाजपा शासित राज्य में वेक्सीन की कीमत 4 सौ से 6 सौ रुपए निर्धारित किया हैं। श्रीमती साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश को विकास और खुशहाली के पथ पर ले जाने के लिए कटिबद्ध हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश की सरकार भूपेश की अगुवाई में पूरी संवेदनशीलता काम करते हुए हर रोज जनहित के फैसले ले रही हैं।

कस्तूरी बाई ठीक होकर लौटी घर

भिलाई। चंदूलाल चंद्राकर कोविड केयर सेंटर में मरीजों की जल्दी रिकवरी हो रही है। ऑक्सीजन की आवश्यकता वाले मरीजों की संपूर्ण देखभाल की जा रही है! मरीजों को उनकी चिकित्सा की आवश्यकता अनुसार उचित उपचार दिया जा रहा है। जिससे मरीज को शीघ्र स्वस्थ होने में सहायता मिल रही है। इसी प्रकार की कहानी कस्तूरी बाई साहू की है! कस्तूरी बाई साहू मूलतः बलोदा बाजार की निवासी है जोकि दुर्ग में अपने रिश्तेदार के पास रह रही है। उन्हें 17 तारीख को चंदूलाल कोविड केयर सेंटर में भर्ती किया गया था। जब उन्हें लाया गया था तब उनका ऑक्सीजन लेवल 85 से नीचे था। सीटी लेवल 25 में से 13 था। जिससे खतरा बना हुआ था। फीडिंग भी जीरो था भोजन की मात्रा शरीर में नहीं होने से मेडिकल टीम के लिए उपचार देना बड़ी चुनौती थी। महिला के शरीर में भोजन न होने से पूरी तरह कमजोरी आ गई थी। वह डायबिटीज एवं हाइपरटेंशन की पेशेंट भी है। इनके भर्ती होने के बाद इन्हें मेडिसिन दी गई और उपचार प्रारंभ किया गया! अब वह स्वस्थ होकर घर लौट चुकी है।

जिले में उपलब्ध हैं पर्याप्त ऑक्सीजन बेड : महापौर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले में कोरोना संक्रमण की रोकधाम के लिए मंगलवार को डाटा सेंटर में शहर के 60 वार्डों के पार्षदो के साथ 15 दृ 15 पार्षदो के बीच अपनी रखे। महापौर धीरज बाकलीवालए सभापति राजेश यादवए निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि कोविड पॉजिटिव और निगेटिव मरीजों के लिए पर्याप्त ऑक्सीजन बेड जिला प्रशासन के पास उपलब्ध हैं। कोविड मरीजों के लिए एम्बुलेंस सेवा के लिए मोबाइल नंबर 93998.33005, 94255.57895 पर सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक किया जा सकता है या 108 नम्बर पर काल करके एम्बुलेंस बुला सकते हैं। होम आइसोलेशन कंट्रोल रूम दृ 0788221515/52 है।

बैठक में सभी पार्षदो को शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गई, ताकि पार्षद अपने वार्ड में नागरिकों का सहयोग कर सकें। पार्षदों ने बैठक में बारी.बारी से सुझाव भी दिए। बैठक में पार्षदों ने अपने वार्डो की परेशानियां बताई। आयुक्त ने पार्षदों की परेशानियों को गम्भीरता से लेते हुए कहा कि इन्हें जल्द दूर किया जाएगा।

बैठक के दौरान एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, भोला महोबिया, हमीद खोखर, पार्षद नरेंद्र बंजारे, नरेश तेजवानी, मनीष साहू, सतीश देवांगन, उषा ठाकुर, काशीराम रात्रे, अंशुल पांडेय, जगमोहन ढीमर, कृष्ण देवांगन, ईई मोहन पुरी गोस्वामी, राजेश पांडेयए भूपेंद्र गोइर के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

यहां हो सकते है भर्ती

जिला अस्पताल दुर्ग में 60 बेड, सुपेला अस्पताल 80 बेड, सीएचसी झीट 15 बेड, सीएचसी पाटन 20 बेड, सीएचसी निकुम 20 बेड, सीएचसी कुम्हारी 20 बेड, मंगल भवन धमधा 20 बेड, सीएचसी उतई 20 बेड, अहिवारा 20 बेड। एक क्लिक में दुर्ग जिले के शासकीय और अशासकीय अस्पतालों में बेड उपलब्धता की जानकारी कोरोना मरीजों के लिए लिंक शासकीय अस्पताल फोन नम्बर व व्हाट्सअप नंबर 9329280235 और प्राइवेट अस्पताल फोन व व्हाट्स अप नम्बर 9329286697 पर मिलेगी।

यूनिक सुपर बाजार पर निगम ने किया जुर्माना

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। लॉकडाउन में दुकाने बंद होने के निर्देश के बाद भी कुछ लोग हरकतो से बाज नहीं आ रहे है निगम की मोबाइल टीम ने आज बेधड़क सुपर बाजार का आधा शटर खोलकर सामान देने वाले में दबिश दिए और तत्काल बंद कराकर जुर्माना वसूल किए। लॉकडाउन में नियमों की अवहेलना करने वालों पर निगम की मोबाइल टीम सख्त कार्यवाही कर रही है। क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर दुकान व घर से सामान बेचने वालों से अर्थदंड लेकर कार्रवाई कर रही है। कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए जरूरी है हर व्यक्ति नियमों का पालन करते हुए कोरोना को हराने में अपनी सहभागिता दे। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर लॉकडाउन का सख्ती से पालन करवाने मोबाइल टीम लगातार निगम क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर रही है। कहीं भी भीड़ जुटने या चोरी चुपके सामान देने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर कार्यवाही कर रही है। ठेले में घूमघूम कर फल, सब्जी बेचने के लिए दोपहर 2 बजे तक का समय निर्धारित किया है, इसके बाद भी देर शाम तक पॉवरहाउस चौक, नंदिनी रोड, बापूनगर, कैलाश नगर, बालाजी नगर, सेक्टर-1, सेक्टर 2 क्षेत्र में सड़क किनारे ठेला लगाकर सामान बेचने वालों से अर्थदंड वसूला समायावधि के बाद विक्रय नहीं करने की समझाईश देकर छोड़ा गया। आज नियमों का उल्लंघन करने वाले 11 लोगों मे कोमल ठाकुर से 2 सौ, असलम से 2 सौ, ओमप्रकाश से 2 सौ, रिंकू से 4 सौ सहित अन्य से 39 सौ जुर्माना वसूला।

अस्पताल में अच्छे ईलाज व व्यवस्था सुधारेः एचएस

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्रमिक सभा एचएमएस अध्यक्ष एवं सेल के एनजेसीएस के सदस्य एचएस मिश्रा ने कहा कि सेल प्रबंधन अपनी टालमटोल की नीति और हठधर्मिता की नीति को त्याग कर मीडिया में नेट में डालकर स्पष्ट करे। 23 अप्रेल 2021 की मीटिंग भी कोरोना महामारी के चलते किस ढंग से होती है कह नहीं सकते इसलिए जो 15 प्रतिशत एमजीबी, 35 प्रतिशत पर्क, 9 प्रतिशत पेंशन, अंशदान व 2017 से एरियर्स की मांग है उस पर समझौता करें। जिससे सेल के सभी कर्मचारियों में भारी आक्रोश है यह प्रबंधन को पता भी है। अगर जो उचित मांग है उसे प्रबंधन द्वारा नहीं माना गया तो 6 मई 2021 को एचएमएस यूनियन, एटक, सीटू, इस्पात श्रमिक मंच, स्टील वर्कर्स, ईमोयु, एक्टू यूनियन आदि भिलाई में हड़ताल के लिए बाध्य होंगे। भिलाई के डायरेक्टर इंचार्ज ने कहा है कि श्रमिकों की जीवन रक्षा हमारी प्राथमिकता है। सेक्टर 9 अस्पताल में जाकर व्यवस्था सुधारें व इलाज की अच्छी व्यवस्था कराएं।

पुलिस अधीक्षक ने की मानव सेवा के कार्यो की प्रशंसा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जनसमर्पण सेवा संस्था द्वारा विगत 4 वर्षो से एवं वर्तमान लॉकडाउन में जरूरतमंदों को की जा रही निशुल्क भोजन सेवा में आज जिला पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला एवं पुलिस के आला अधिकारी उपस्थित हुए। पूरे जिले में मानव सेवा की मिसाल कायम करने वाली जन समर्पण सेवा संस्था जोकि बिना रुके, बिना थमे, विगत 4 वर्षो से एवं वर्तमान कोरोना महामारी के चलते भी मानव सेवा को अपना उद्देश्य बनाये हुए निरंतर कार्य कर रही है, आज जब पूरा प्रदेश अपने घरों में

है कोई बाहर नही निकल रहा है सबको संक्रमण से डर है परन्तु इस बीच जन समर्पण सेवा संस्था के युवा प्रतिदिन शहर के हर जरूरतमंदों तक निशुल्क भोजन एवं दैनिक उपयोग की सामग्री साबुन, निरमा, बिस्किट, दूध एवं अन्य जरूरत की सामग्री निशुल्क वितरण कर रहे है, जिससे जरूरतमंदों की हर जरूरत पूरी हो रही है। संस्था द्वारा की जा रही इस सेवा कार्य से प्रभावित होकर जब समाज सेवी इरफान खान ने जिला पुलिस अधीक्षक को दी तो कल रात्रि जिला पुलिस अधीक्षक दुर्ग अपनी पूरी टीम के साथ दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुँचे और संस्था द्वारा की जा रही मानव सेवा की भारी प्रशंसा की। जिला पुलिस अधीक्षक ने संस्था के सदस्यों को इस सेवा कार्य की बधाई दी और तत्काल सभी जरूरतमंदों को मास्क वितरण करने की व्यवस्था की। पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक ने अपने हाथों से संस्था के सदस्यों के साथ मिलकर जरूरतमंदों को भोजन वितरण किया साथ ही साथ सभी को अपने हाथों से मास्क का वितरण किया। संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने संस्था के सदस्यों से फुटपात में रहने वाले जरूरतमंदों के कोरोना टीकाकरण की जानकारी ली।

94 से कम आया आक्सीजन तो तुरंत हास्पिटल में एडमिट होइये : प्रभारी डॉ. भूरे

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कोविड जैसी बीमारी, ऐसे में यदि किसी मरीज के परिजन डॉक्टर की सलाह की उपेक्षा कर मरीज के ट्रीटमेंट पर अपना निर्णय लें तो मरीज की रिकवरी के लिए गंभीर खतरा हो सकता है। कोविड पर शासन की गाइड लाइन है कि 94 से कम आक्सीजन सैचुरेशन आने पर मरीज को हास्पिटल की देखरेख में रखा जाना ही उसके स्वास्थ्य के लिए बेहतर है। इस संबंध में होम आइसोलेशन कंट्रोल सेंटर की प्रभारी मेडिकल आफिसर डॉ. रश्मि भुरे ने विस्तार से जानकारी दी कि किस तरह होम आइसोलेशन की गाइडलाइन का पालन कर कोविड से रिकवरी का रास्ता सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि होम आइसोलेशन में रह रहे लोगों को लगातार आक्सीजन सैचुरेशन की जाँच करनी है और 94 से कम आते ही काउंसलर को जानकारी

देनी है तथा हास्पिटल में एडमिट होना है। ऐसा करने से रिकवरी की संभावना काफी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि देखा गया है कि कुछ मामलों में मरीज के परिजन आक्सीजन लेवल डाउन होने पर घर में ही आक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था में लग जाते हैं जबकि हास्पिटल में आक्सीजन बेड्स के साथ ही मेडिकल सुपरविजन भी होता है और मरीज की मेडिकल हेल्थ के मुताबिक दवा भी दी जाती है। मरीज का आक्सीजन लेवल डाउन होने के साथ ही उनके इलाज के लिए डॉक्टर एंटीबायोटिक और स्टेराइड प्लान करते हैं घर में इस तरह का प्लान संभव ही नहीं है जिसके कारण से पेशेंट की स्थिति बिगड़ जाती है। ज्यादा खराब स्थिति में अस्पताल आने में रिकवरी की संभावना घट जाती है।

निधन

शंकरलाल साहू

दुर्ग। ग्राम अचानकपुर सेलूद निवासी शंकरलाल साहू 46 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे शत्रुघ्नलाल साहू के पुत्र व चाणक्य साहू के बड़े भाई थे।

योगेश ताम्रकार

दुर्ग। तमेरपारा निवासी एवं एमपी क्रिश्चियन कॉलेज भिलाई के असिस्टेंट प्रोफेसर योगेश ताम्रकार 44 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया।

सुधीर शर्मा

रायपुर। रोहणिपुरम रायपुर निवासी सुधीर शर्मा 61 वर्ष ओटेबंद वाले का आज दिनांक 22 अप्रैल 2021 को निधन हो गया। उनका अन्तिम संस्कार आज दोपहर को मारवाड़ी शमशानघाट में किया गया ।वे सहायक अभियंता (लो नि वि) , दुर्ग के पद पर कार्यरत थे। वे आदित्य शर्मा और सौरभ शर्मा के पिता थे।

वीडियो कांफ्रेंसिंग | 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का निःशुल्क टीकाकरण के लिए महापौर ने मुख्यमंत्री को दिए धन्यवाद

महापौर ने मुख्यमंत्री से जिला अस्पताल की व्यवस्था सुधारने की रखी मांग

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व्दारा प्रदेश के महापौरों और निगम आयुक्तों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक ली। उन्होंने राज्य के नगरीय निकाय क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण की रोकथाम की व्यवस्था और टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री बघेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की बैठक में महापौर एवं आयुक्त को आवश्यक निर्देश दिए। डाटा सेंटर वीडियो कांफ्रेंस में महापौर धीरज बाकलीवाल एव आयुक्त हरेश मंडावी के अलावा निगम अधिकारी मौजूद थे। निगम द्वारा कोविड.19 से बचाव की दिशा में मुख्यमंत्री ने समीक्षा करते हुए महापौर एवं आयुक्त को निर्देश देते हुये कहा कोरोना

वारियर्स के रूप में कार्य करने वाले सफाई कर्मचारी को सभी प्रकार के सुरक्षा किट उपकरण उपलब्ध कराए। 01 मई से 18 आयु वाले सभी नागरिकों को वेक्सिनेशन में कोई तकलीफन हो इस हेतु आवश्यक व्यवस्था करें। उन्होंने कहा निगम सीमा में ही कोविड 19 के टेस्ट की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें। इसके लिए निगम अपना कंट्रोल रूम की स्थापना करे। ताकि लोगो को अनावश्यक परेशानी न हो। कोविड 19 में कार्य कर रहे सभी स्वास्थ्य कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारी के कार्य को मुख्यमंत्री द्वारा कार्यो की तारीफ किये। उन्होंने लॉकडाउन में कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे इस हेतु व्यवस्था के निर्देश दिए। महापौर धीरज बाकलीवाल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में माननीय मुख्यमंत्री जी को 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों का निःशुल्क टीकाकरण करने के ऐतिहासिक एवं जनकल्याणकारी निर्णय के लिए हृदय से धन्यवाद दिये। उन्होंने जानकारी में बताया मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में किए गए उपायों से लगातार संक्रमण दर में कमी आई है व रिकवरी दर में भी बढ़ोतरी दर्ज हुई है। अस्पतालों में क्षमता का विस्तार करने की प्रक्रिया भी लगातार जारी है। अब एक से बढ़कर 6 आइसोलेशन सेंटर शुरू हो गए हैं जिससे रिपोर्ट का इंतज़ार कर रहे लक्षण वाले मरीजों को बड़ी राहत मिली है। निगम लगातार जरूरतमंद लोगों को पका हुआ भोजन वितरण व प्रत्येक वार्ड में सेनेटाइजशन का कार्य करवा रहा है। साथ ही 100 ऑक्सीजन बेडयुक्त आइसोलेशन सेंटर शुरू करने का कार्य प्रक्रियाधीन है। पॉजिटिव मरीजों के परिजनों एवं सामान्य लक्षण वाले लोगों हेतु प्रोफेलेक्टिक किट व अस्पतालों में रेमडीसीवर दवाई की आवश्यकता है। उन्होने कहा मुझे पूर्ण विश्वास है कि माननीय मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ जीतेगा और कोरोना हारेगा। मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में कहा सभी नागरिकों को आसानी से होम डिलीवरी के माध्यम से सामान मिले ऐसी योजना बनायें। बारिश में पीलिया से सम्बंधित कोई शिकायत प्राप्त न हो इसके लिए कार्य करें।

विधायक देवेंद्र ने किया टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। विधायक देवेंद्र यादव लगातार कोरोना मरीजों को राहत पहुंचाने और इलाज की बेहतर से बेहतर व्यवस्था बनाने के प्रयास में जुटे हैं। वे लगातार हर रोज विभिन्न अस्पतालों का निरीक्षण कर रहे हैं। अस्पतालों की व्यवस्था देख रहे हैं और जो कमी है उसे पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। सभी मरीजों को समय पर इलाज मिल सके। समय पर बेड मिल सके। इसके लिए भी लगातार जुटे है। श्री यादव को भिलाई के तीनों टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। टीकाकरण केंद्र सुपेला, सेक्टर 7 और खुर्सीपार तीनों जगह बारी.बारी के पहुंच कर तीनों की जगह की व्यवस्था देखी। टीकाकरण का पूरा प्रोसेस देखने के साथ ही यहां आने वाले लोगों से मिले।

सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने हुए सब से मुलाकात कर बारी.बारी से सभी का हालचाल जाना। लोगों को कोई परेशानी न हो। टीकाकरण के बाद आधा घंटे तक लोग आराम से बैठ सके, पानी आदि की व्यवस्था का जायजा लिया। श्री यादव ने इन टीकाकरण केंद्रों में सेवा देने वाले मेडिकल स्टाफ से मिले। उनका हालचाल जाना और उनके कार्यो की तारिफ और उनका हौसला अफजाई किया। टीकाकरण केंद्रों में काम कर रहे मेडिकल स्टाफ लगातार सेवा दे रहे हैं। जब से टीकारण शुरू हुआ है। तब से वे बिना छुट्टी मारे लगातार काम कर रहे हैं।

कोरोना जांच के लिए कर सकते है तीन टेस्ट- एंटीजन, आरटीपीसीआर और ट्रूनॉट टेस्ट

टेस्ट रिपोर्ट आते तक अपने को आइसोलेट रखें, चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ फिरोज मेमन ने कोरोना जांच और ईलाज पर दी सलाह

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ फिरोज मेमन (एमबीबीएस, एमडी) ने बताया कि आपको कभी भी कोरोना बीमारी की आशंका होती है, तो आप इसकी जांच के लिए तीन किस्म के टेस्ट करा सकते हैं । ये है एंटीजन टेस्ट, आर टी- पी सी आर टेस्ट और ट्रू नॉट टेस्ट । इसके अलावा कोई और टेस्ट कराने की जरूरत नहीं है।

डॉक्टर मेमन ने कहा है कि कोरोना महामारी की अभी कोई निश्चित दवा नहीं है। लक्षणों के आधार पर कोरोना का इलाज हो रहा है। पचासों किस्म की दवाइयां आई हैं और उसमें से कुछ गिनती की ही दवाइयां फायदेमंद साबित हुई है। इनका उपयोग आपको चिकित्सक की सलाह से ही करना है। डॉक्टर मेनन ने बताया कि अगर आपको आशंका है या लक्षण है तो कोरोना टेस्ट की रिपोर्ट आते तक आप अपने को पॉजिटिव मानकर ही चलिए। इसके लिए आप अपने आप को आइसोलेट रखें, अपने परिवार को संक्रमित होने से बचाइए, जब तक की आप की जांच की रिपोर्ट नहीं आ जाती है। आपसे जितने लोगों का संपर्क हुआ है, उन्हें भी यह टेस्ट कराने की सलाह दीजिए।

6 मिनट का वाकिंग टेस्ट करें

इसी तरह आपको 6 मिनट का वाकिंग टेस्ट करना है। 6 मिनट वॉकिंग (पैदल घूमने) करने के बाद अगर आपका आक्सीजन सैचुरेशन 4 प्रतिशत के भीतर कम हो रहा है तो आप सेफहै , सुरक्षित है। यह बदलाव अगर 4 प्रतिशत से ज्यादा है तो आपको डॉक्टर की सलाह से अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत है।

सिटी स्कैन कराने की दौड़ से बचना है

टेस्ट करने में अभी भ्रांति फैली हुई है । एच आर सी टी सी या सिटी स्कैन कराने की दौड़ लगी है ,इससे बचना है। उससे कोई बहुत ज्यादा ट्रीटमेंट में बदलाव नहीं होता है। डॉक्टर को जब भर्ती पेशेंट में यह टेस्ट की जरूरत हो , तो वे ये टेस्ट कराते हैं। टेस्ट स्वयं से कराने की जरूरत नहीं है। स्वस्थ व्यक्ति जिनको सर्दी, खांसी , बुखार है और जिनको लग रहा है कि उन्हें कोरोना हो गया है या हो सकता है तो उनको टेस्ट कराना है।

90 प्रतिशत लोग होम आइसोलेशन से स्वस्थ हो रहे हैं : टेस्ट के पॉजिटिव आने के बाद आपको होम आइसोलेशन में रहना है। अभी 90 प्रतिशत लोग होम आइसोलेशन से स्वस्थ हो रहे हैं। आपको होम आइसोलेशन में अपना आक्सीजन सेचुरेशन 93 के ऊपर बनाए रखना है।

अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा और ऑक्सीजन आपूर्ति व्यवस्था चाक चौबंद रखे : बघेल

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी कलेक्टरों को दिए निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी जिला कलेक्टरों को अपने जिले में आने वाले सभी शासकीय और निजी अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा और ऑक्सीजन आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण कर उसे चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए हैं । उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कलेक्टर अगले कुछ दिनों में यह सुनिश्चित करे की उनके जिले में अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा से संबंधित सभी सावधानियों का पालन हो रहा हैं । इसी तरह जिन अस्पतालों में ऑक्सीजन आपूर्ति की व्यवस्था हैं वहां भी निरीक्षण करे ताकि आपूर्ति में कोई तकनीकी कमी हो तो उसे समय रहते दूर किया जा सके।

भूपेश सरकार कर रही है एम्स में रेमडेसीविर इंजेक्शन की व्यवस्था भाजपा भी करे मदद-कांग्रेस

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार एम्स में रेमडेसीवीर प्रदेश कांग्रेस कमेटीकी व्यवस्था करा रही है। उन्होने भाजपा नेताओं केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह रायपुर सांसद एम्स के मनोनीत सदस्य सुनील सोनी से कहा कि वे भी मोदी सरकार से कहकर तत्काल अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान रायपुर के लिए 25000 रेमडेसीविर इंजेक्शन का व्यवस्था तत्काल करने का आग्रह करें।

कोविड-19 : हेल्थ केयर वर्कर का टीकाकरण करने में छत्तीसगढ़ का स्थान दूसरा

रायपुर। छत्तीसगढ़ ने प्रदेश के पंजीकृत हेल्थ केयर वर्कर के 90 प्रतिशत को कोविड 19 वैक्सीन की पहली डोज दे दी है। पूरे देश में छत्तीसगढ़ का स्थान दूसरा है। झारखंड और गुजरात ने शत प्रतिशत हेल्थ केयर वर्कर को पहली डोज दे दी है। इनके बाद छत्तीसगढ़ का स्थान है। यह जानकारी आज भारत शासन के स्वास्थ्य सचिव श्री राजेश भूषण ने नई दिल्ली में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी कि छत्तीसगढ़ के पंजीकृत हेल्थ केयर वर्कर के 90 प्रतिशत और पंजीकृत फ्रंटलाइन वर्कर में से 84.63 प्रतिशत को वैक्सीन का पहला डोज दिया जा चुका है,। फ्रंटलाइन वर्कर को पहला डोज देने में राज्य का स्थान 6 वां है। अन्य राज्यो में गुजरात ,मध्यप्रदेश और राजस्थान केवल छत्तीसगढ़ से आगे हैं। केन्द्र शासित प्रदेश दादरा नगर हवेली पहले और और लद्दाख पांचवे स्थान पर है। हेल्थ केयर वर्कर एवं फ्रंट लाइन वर्कर का राष्ट्रीय औसत क्रमशः 87.17 और 78.55 है।

निधन

अनूप सिन्हा

भिलाई। मॉडल टाउन नेहरू नगर निवासी अनूप सिन्हा उम्र 52 वर्ष का निधन 21 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में बुधवार की शाम को किया गया। वे लीलाबाई के पुत्र, शेखर सिन्हा के पिता, रामेश्वरी देवी सिन्हा के बड़े ससुर और विवेक सिन्हा व खुशबू सिन्हा के बड़े पिता थे।

विजय बंसत

सारंगढ़। सारंगढ़ कांग्रेसका स्तंभ जिला पंचायत सदस्य के पति विजय बसंत का 21 अप्रैल को कोरोना से निधन हो गया ज्ञात हो कि पॉजिटिव आने के बाद उन्हे रायगढ़ रिफर किया गया था जहां स्थिति में सुधार नहीं आने पर रायपुर रिफर किया गया किया गया जहां कि वह अस्पताल पहुंचते ही कोरोना से जंग हार गए और अस्पताल पहुंचते ही उनकी मौत हो गई।

अजय दुबे (बुब्बा)

रायपुर। भोपाल निवासी अजय दुबे (बुब्बा) का बुधवार रात 2.30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे डीडीनगर रायपुर निवासी सेवानिवृत्त सेल्स टेक्स आफिसर सतानंद दुबे के बेटे और खाद्य अधिकारी संजय दुबे, आलोक दुबे व श्रीमती रेखा मिश्रा के भाई थे। कोविड नियमानुसार उनका अंतिम संस्कार भोपाल में ही होगा।

राकेश शर्मा

कवर्धा। जनपद पंचायत बोड़ला के पूर्व उपाध्यक्ष, पूर्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं कवर्धा के प्रतिष्ठित नागरिक राकेश शर्मा का गत मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात आकस्मिक निधन हो गया, वे करीब 60 वर्ष के थे।

उमा लोहिया

राजनांदगांव । नगर के प्रतिष्ठित लोहिया परिवार के सदस्य, प्रेस क्लब राजनांदगांव के कोषाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रचार प्रसार मंत्री, छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश सचिव अग्रवाल सभा एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लक्ष्मण लोहिया की धर्मपत्नी श्रीमती उमा लोहिया का आज 60 वर्ष की आयु में भरकापारा स्थित निवास में अपरान्ह 11:35 बजे आकस्मिक निधन हो गया, वह कुछ समय से अस्वस्थ थी।

शिवबोधन यादव

भिलाई । भिलाई भट्ठी थाना मे पदस्थ प्रधान आरक्षक शिवबोधन यादव 56 साल का आज सुबह सुबह इलाज के दौरान आईएमआई अस्पताल खुर्सीपार मे देहांत हो गया बुधवार को रात्रि मे तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल मे भर्ती कराया गया सुबह 2 बजे के करीब दम तोड दिया। सादर नमन..विनम्र श्रध्दांजलि।

वल्लभचंद थानवी

रायपुर। रायपुर के प्रतिष्ठित नागरिक अग्रसेन चौक, नगर निगम कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त प्राचार्य, नगर निगम रायपुर कर्मचारी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष, श्री वल्लभचन्द थानवी का निधन कल 21 अप्रैल को एक निजी अस्पताल में हो गया। वे सुधा थानवी के पति, अलकाव्यास, शताब्दी पाण्डे, वंदना व्यास, विठ्ठल थानवी के पिता थे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें यह ही प्रार्थना।

याचना सिन्हा

नगरी। देवपुर निवासी रामविलास सिन्हा की धर्मपत्नी श्रीमती याचना सिन्हा सहायक शिक्षक (एल बी) प्राथमिक शाला पण्डरी पानी (रै) संकुल केंद्र सेमरा का 21 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्रों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं।

हासम मेमन

नगरी। नगर पंचायत नगरी के पूर्व पार्षद हासम मेमन का रायपुर में ईलाज के दौरान निधन हो गया।नगर में उनके निधन का समाचार फैलते ही पूरे नगर मे मातम छा गया। हासम मेमन कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता व नगर पंचायत नगरी के पूर्व पार्षद थे।

न्यूज गैलरी

राजातालाब इलाके में कल दिनदहाड़े हुई थी युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी रायपुर में कल मंगलवार को दिनदहाड़े राजातालाब इलाके के गरबा मैदान के पास चाकू से गोदकर युवक की हत्या करने वाले हत्यारे को पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया है। मृतक के भतीजे मनोज हरपाल की शिकायत पर पुलिस ने विकास सिंह ठाकुर उर्फगोलू के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। मनोज ने बताया कि उसके चाचा मृतक प्रवीण हरपाल कल यादवपारा के पास गरबा मैदान में मोहोल्लेवासियो के साथ बैठे थे, इसी दौरान विकास ने पीछे से आकर प्रवीण के पेट के बाएं हिस्से में चाकू से वार कर दिया और मौके से फरार हो गया।

बच्चों के झगड़े में दो पक्ष आपस में भिड़े, काउंटर केश दर्ज

रायपुर । बच्चों के झगड़े में दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार लाभाण्डी तालाब तेलीबांधा में बच्चों के झगड़े में दो पक्षों के बीच हाथ-मुक्का एवं डंडे से एक दूसरे से मारपीट किया। जिसके चलते दोनों पक्ष के लोगों को चोट लगी है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने रविन्द्र यादव 39 वर्ष,सुभिया बाई,मंजू बाई तथा सविता दिलेर 34 वर्ष ,पति सकुन दिलेर एवं मालती के खिलाफ धारा 294,323,34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

रायपुर । अवैध शराब ब्रिकी करने रखने की सूचना पर पुलिस ने छापामाकर कर एक मकान से 3 बॉटल अग्रेजी शराब जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर थाना पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 21 अप्रैल को एचडी 36 फेस 02 कबीर नगर में रेड की कार्रवाही के दौरान छापामारकर पंकज कुमार पाण्डे 40 पिता कन्हैया कुमार पाण्डे के घर से 3 बॉटल अवैध अंग्रेजी शराब मेकडावल नंबर वन सुपिरियर व्हिस्की शराब बरामद किया है।

स्वास्थ्य विभाग ने एमबीबीएस उत्तीर्ण 296 नए डॉक्टरों की पोस्टिंग की

- दस दिनों के भीतर ज्वाइनिंग के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। स्वास्थ्य विभाग ने एमबीबीएस उत्तीर्ण 296 नए डॉक्टरों की पदस्थापना की है। इन नए डॉक्टरों को प्रदेश के विभिन्न शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पतालों, जिला चिकित्सालयों, मातृ एवं शिशु अस्पतालों, सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ किया गया है। प्रदेश भर में बड़ी संख्या में इन डॉक्टरों की नियुक्ति से वर्तमान कोविड-19 संकट के दौरान संक्रमितों के इलाज और प्रबंधन में मदद मिलेगी। नवपदस्थ सभी डॉक्टरों को दस दिनों के भीतर अपने-अपने पदस्थापना वाले अस्पतालों में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा स्नातक प्रवेश नियम के तहत इनकी पदस्थापना एम.बी.बी.एस. प्रवेश के समय निष्पादित शासकीय/ग्रामीण सेवा के अनुबंध के अनुसार संविदा आधार पर दो वर्ष के लिए की गई है।

छत्तीसगढ़ चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा स्नातक प्रवेश नियम के तहत अनुबंधित डॉक्टरों को एम.बी.बी.एस. प्रवेश के समय निष्पादित अनुबंध के अनुसार संविदा आधार पर दो वर्ष की शासकीय सेवा करना अनिवार्य है। बंध-पत्र (Bond) के उल्लंघन पर बंध-पत्र की राशि की वसूली, विश्वविद्यालय से अंतिम डिग्री प्रदान नहीं किए जाने और राज्य मेडिकल काउंसिल में पंजीयन नहीं किए जाने के साथ ही पाठ्यक्रम अवधि के दौरान शासन द्वारा भुगतान की गई संपूर्ण छात्रवृत्ति/शिष्यवृत्ति की राशि की वसूली भू-राजस्व के बकाया के रूप में किए जाने का प्रावधान है।

लाइवलीहुड कॉलेज भिलाई बना कोविड आइसोलेशन सेंटर

- 150 बेड के कोविड आइसोलेशन सेंटर का शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज छत्तीसगढ़ लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी भिलाई में 150 बेड के कोविड आइसोलेशन सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों और डॉक्टरों के साथ कमरों में जाकर सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

गृह मंत्री ने कहा कि यहां कोरोना संक्रमित लोगों को निःशुल्क बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी। 24 घंटे डाक्टर और नर्सिंग देखभाल के साथ ही भोजन, पानी और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। इस सेंटर का संचालन कलेक्टर की निगरानी में होगा। यहां 40 बिस्तरों में ऑक्सीजन सुविधा भी उपलब्ध है। मंत्री साहू ने कहा कि पिछले साल इस भवन को तैयार किया गया था। इसका उपयोग नहीं हो रहा था। वर्तमान परिदृश्य में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों के लिए आइसोलेशन सेंटर बनाया गया है। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन को बधाई दी। गृह मंत्री ने लोगों से अपील की कि वे लॉकडाउन का पालन करें, करोना संक्रमण से बचने के लिए मास्क लगाएं, दो गज की दूरी बनाकर रखें और हाथों को सैनिटाइज करते रहें। उन्होंने कहा कि वैक्सीन जरूर लगवाएं। वैक्सीन लगवाने में कोई डर नहीं होनी चाहिए, इससे किसी तरह की परेशानी नहीं होती। मुख्यमंत्री भूपेशबघेल ने भी कोरोना वेक्सीन लगवाया है। मैंने भी लगवाया है, सभी अधिकारियों ने भी लगवाया है। उन्होंने कहा सभी पात्र लोग कोरोना का टीका अवश्य लगवाएं।

टीकाकरण राजनीति कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं यह दुर्भग्यपूर्ण

18 प्लस टीकाकरण के लिए वैक्सीनेशन सरकार करे बुक : साय

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। वर्तमान समय में कोरोना वायरस कोविड-19 संक्रमण 15 हजार पार हो गया है। ऐसी स्थिति में 18 प्लस के लिए राज्य सरकार द्वारा टीकाकरण की घोषणा से आम लोगों के बीच आशा जग गई है, जबकि वर्तमान समय में 45 पार के नागरिकों के लिए टीकाकरण के साथ ही वैक्सीनेशन की मारामारी के चलते कई लोग टीकाकरण केन्द्रों में लंबी लाईन लगाए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। उक्ताशय की जानकारी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कांग्रेस सरकार द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम के संबंध में पलटवार करते हुए दी। अपने बयान में विष्णुदेव साय ने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव द्वारा केंद्र सरकार के 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग को 1 मई से टीकाकरण पर सवाल उठाने और प्रक्रिया को आपत्तिजनक बताने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

स्वास्थ्य मंत्री टीकाकरण पर करते है आपत्ती

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव लगातार टीकाकरण को लेकर आपत्ती दर्ज करते रहे हैं। पहले उन्होंने टीकाकरण पर सवाल उठा कर प्रदेश की जनता को भयभीत किया। भ्रम फैलाया और छत्तीसगढ़ में टीकाकरण को लेकर उदासीनता दिखाई जिसका खामियाजा आज छत्तीसगढ़ की जनता कोरोना महामारी के भयावह संकट के रूप में झेलने मजबूर है और आज छत्तीसगढ़ संकट में हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साय ने कहा कि आज भी स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव 1 मई से टीकाकरण के निर्णय पर अपनी टिका टिप्पणी और राजनीति कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं यह दुर्भग्यपूर्ण हैं।

जिम्मेदारी से नहीं भागे सरकार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव से पूछा हैं कि प्रारम्भ से ही केंद्र सरकार कुशल प्रबंधन क्षमता के साथ नागरिकों को सुरक्षित करने का प्रयास कर रही हैं और लगातार कोरोना के विरुद्ध लड़ाई लड़ रही हैं इस लड़ाई को कांग्रेस के नेता दस जनपद के अपने नेताओं के इशारों पर क्यों कमजोर करना चाहते हैं? क्यों कोरोना से लड़ाई के लिए राज्यों को अधिकार देने की बात करने वाले अधिकार मिलने पर मुह छुपा रहे हैं? जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं, केंद्र पर ठीकरा फोड़ने प्रयास कर रहे हैं आखिर क्यों? उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव को याद दिलाया कि सीएम भूपेश बघेल कहते थे दम्भ भी भरते थे की केंद्र हमे अधिकार दे दे हम संभाल लेंगे।

सीएम अपना वादा निभाए

सीएम कहते थे केंद्र वैक्सीन नहीं देगा तो हम छत्तीसगढ़ की जनता के लिए व्यवस्था करेंगे। उन्होंने पूछा अब कहाँ हैं आपके सीएम भूपेश बघेल कहां गया उनका दावा? अब क्यों 1 मई से टीकाकरण को लेकर राजनीति कर रहे हैं? राजनीति छोड़ तत्काल छत्तीसगढ़ की जनता के लिए एक करोड़ वैक्सीन बुक करे सरकार और एक मई से छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति सुनिश्चित करने चिंता करें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने टीएस सिंहदेव को नसीहत देते हुए कहा कि पहले अपने सीएम से निपट लें जो उन्हें तवज्जु नहीं देते महत्वपूर्ण बैठक तक में आप दोनों की दूरी का खामियाजा जनता भुगत रही है।

संपादकीय

कोरोना से अपना बचाव खुद करें

भारत में कोरोना की दूसरी लहर अनेक राज्यों में सरकार के काबू से बाहर हो गई है। अब तो कोरोना संक्रमितों की संख्या प्रतिदिन तीन लाख से अधिक होने लगी है। मृतकों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। कोरोना के खिलाफ केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें अपनी पूरी ताकत से जंग लड़ रही है लेकिन स्थिति में सुधार नहीं दिख रहा है। ऐसी स्थिति में अब लोगों को कोरोना के खिलाफ अपनी लड़ाई खुद ही लड़नी होगी। किसी भी सरकार के वश में यह नहीं है कि वह कोरोना के संक्रमण को रोक सके न ही इतनी जल्दी सभी लोगों को कोरोना का टीका लग पाएगा। जाहिर आने वाले कुछ सप्ताह के दौरान स्थिति और भयावह हो सकती है। सरकार जहां जरूरी समझ रहीं है वहां लॉकडाउन कर रही है लेकिन लोगों को लॉकडाउन की आदत डाल लेनी चाहिए और खुद को अपने घरों में लॉक कर लेना चाहिए। जिन्हे किसी जरूरी काम से बाहर निकलना ही पड़ रहा है वे अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं और दो गज की दूरी का पालन करें। कोरोना से बचाव ही एकमात्र उपाय रह गया है। यह हैरत की बात है कि इतला सबकुछ होने के बाद भी बहुत से लोग अभी भी स्थिति की गंभीरता को नहीं समझ रहे है और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का उल्लंघन कर के अपने लिए और अपनो के लिए खतरा पैदा कर रहे है। पुलिस कर्मचारियों की संख्या आबादी के अनुपात में काफी कम है वह हर किसी की तो निगरानी कर नहीं सकती। चौक चौराहों पर पुलिस कर्मचारी इस लिए सड़क पर है कि लोग अनावश्यक रूप से सड़कों पर न आएं। ऐसे लोग बगैर मास्क के निकलते है और पुलिस उन्हे टोकती है या चालानी कार्यवाही करती है तो लोग पुलिस वालों से ही उलझ पड़ते है उनकी वर्दी उतरवाने की धमकी देने लगते है ऐसे में पुलिस भी ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने से बचने की कोशिश करती है। इन राज्यों में लॉडाउन हो चुका है वहां पुलिस को और ज्यादा सख्ती बरतने के आदेश दिए जाने चाहिए। क्योंकि लातों के भूत बातों से नहीं मानते। बहरहाल केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें इस चुनौती से निपटने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है लेकिन आम जनता को भी चाहिए कि वह शासन प्रशासन का सहयोग करें और दिशा निर्देशों का ईमानदारी पूर्वक पालन करें। इस मामले में लोगों को आत्मनिर्भर बनना पड़ेगा और अपनी रक्षा खुद ही करनी होगी, वरना कोरोना का प्रकोप और भयावाह रूप में सामने आ सकता है। ऐसी भी नौबत आ सकती है कि सरकार को पूरे देश में लॉकडाउन करना पड़े। यदि ऐसा हुआ तो अर्थव्यवस्था भी चरमरा जाएगी जो पहले ही खराब चल रही है।

विचार

पृथ्वी के लिए चाहिए नया नजरिया

पर्यावरण-संबंधी चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए सन 1972 में दुनिया भर के नेतागण स्टॉकहोम में एकत्र हुए थे। तब चिंताएं स्थानीय पर्यावरण को लेकर थीं। जलवायु परिवर्तन या फिर छीज रहे ओजोन परत पर उस बैठक में कोई बात नहीं की गई थी। ये सभी मसले बाद के वर्षों में शामिल किए गए हैं। सन 1972 में तो सिर्फ जहरीले होते पर्यावरण को तवज्जो मिली थी, क्योंकि पानी और हवा दूषित हो चले थे। यहां बेशक कोई यह कह सकता है कि पिछले पांच दशकों में काफी कुछ बदल गया है। मगर असलियत में हालात जस के तस हैं। या यूं कहें कि स्थिति गंभीर ही बनती जा रही है। पृथ्वी के तमाम घटकों का दूषित हो जाना, आज भी चिंता की एक बड़ी वजह है। कुछ देशों ने हालात संभालने के लिए स्थानीय स्तर पर कई कदम जरूर उठाए हैं, लेकिन वैश्विक पर्यावरण में उनका उत्सर्जन बदस्तूर जारी है। अब तो जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को रोकना हमारे बस से बाहर की बात हो चली है, और वक्त पल-पल रेत की मानिंद हमारे हाथों से फिसल रहा है। यही कारण है कि हम आज दुनिया को काफी तेजी से असमान होते देख रहे हैं। यहां गरीबों व वंचितों की तादाद बढ़ती जा रही है, और जलवायु परिवर्तन के जोखिम गरीबों के घर ही नहीं, अमीरों के दरवाजे भी खटखटा रहे हैं। इसीलिए पुरानी रवायतों को विदा करने का वक्त आ गया है। साझा भविष्य के लिए हमें न सिर्फ अपनी कार्यशैली, बल्कि अपना नजरिया भी बदलना होगा।

अगले साल हम स्टॉकहोम सम्मेलन की 50वीं वर्षगांठ मनाएंगे। इसके 'कन्वेंशन' को अब अलग रूप देना होगा। इसमें महज समस्या की चर्चा न हो, बल्कि समाधान के रास्ते भी बताए जाएं। इसीलिए हमें उपभोग और उत्पादन पर गंभीर चर्चा करने की जरूरत है। इसे हम और नजरंदाज नहीं कर सकते। यह बहस-मुबाहिसों में ज्वलंत मसला है। हम ओजोन, जलवायु और जैव-विविधता से लेकर मरुस्थलीकरण व जहरीले कचरे के बारे में तमाम तरह के समझौते करके वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने की जब वकालत करते हैं, तब एकमात्र तथ्य यही समझ में आता है कि तमाम देशों ने अपनी सीमा से कहीं अधिक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया है। वैश्विकता में और एक-दूसरे की मदद करते हुए हमें आगे बढ़ना था, क्योंकि हम ऐसी दुनिया में रहते हैं, जहां सभी देश एक-दूसरे पर निर्भर हैं। मगर इस दरम्यान तो हमने एक अन्य मुक्त व्यापार समझौता किया, आर्थिक वैश्वीकरण समझौता। हम दरअसल, यह समझ ही नहीं पाए कि ये दोनों फ्रेमवर्क (पारिस्थितिकी और आर्थिक वैश्वीकरण) एक-दूसरे के प्रतिकूल हैं। लिहाजा, अब हमें एक ऐसा आर्थिक मॉडल बनाना होगा, जिसमें श्रम मूल्य और पर्यावरण, दोनों को बराबर तवज्जो मिले। हमने वहां-वहां उत्पादन बढ़ाए हैं, जहां लागत सस्ती है। उत्पादन बढ़ाने का हमारा एकमात्र मकसद यही है कि हमारे भंडार भरे रहें। इससे उत्पाद कहीं ज्यादा सस्ता और सुलभ भी हो जाता है।

जीवन रक्षक बनी कोरोना वैक्सीन

रमेश सर्राफ

> एक तरफ भारत बायोटेक और सीरम इंस्टीट्यूट से उत्पादन बढ़ाने के लिए बातचीत चल रही है। दूसरी ओर विदेशी वैक्सीन के लिए भारत के दरवाजे खोल देना गेम चेंजर हो सकता है। जॉन्सन एंड जॉन्सन की वैक्सीन, फाइजर की एमआरएनए कोविड-19 वैक्सीन, अमेरिकी दवा कंपनी मॉडर्ना की वैक्सीन, अमेरिकी वैक्सीन कंपनी नोवा की कोवोवैक्स जल्द भारत आ सकती है। अमेरिका और ब्रिटेन समेत कुछ देशों में मंजूर और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा स्वीकृत विदेशी वैक्सीन के देश में इमरजेंसी इस्तेमाल की अनुमति देने के बावजूद वैक्सीन की सप्लाई में तत्काल बढ़ोतरी की कोई उम्मीद नहीं है। मई में आयातित स्पुतनिक-वी की सप्लाई शुरू हो जायेगी।लेकिन उसकी मात्रा भी सीमित होगी। इसके अलावा भारत बायोटेक और सीरम इंस्टीट्यूट का उत्पादन भी जून से ही बढ़ने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि तमाम कोशिशों के बावजूद मई तक वैक्सीन की सप्लाई सीमित रहेगी।

देश में कोरोना की दूसरी लहर बहुत ही खतरनाक रूप लेती जा रही है। लागों के कोरोना संक्रमित होने की रफ्तार पिछले साल की तुलना में कई गुना बढ़ रही है। कोरोना से संक्रमित होकर मरने वालों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। पूरे देश के लोगों में कोरोना के कारण भय का माहौल व्याप्त हो रहा है। दूसरे प्रदेशों में रोजी रोटी कमाने के लिए गए लोग भी फिर से लाकडाउन लगने की आशंका से डरकर अपने घरों को लौटने लगे हैं। देश में कोरोना वैक्सीन लगाने का काम तेजी से चल रहा है। हालांकि आवश्यकता के अनुरूप कोरोना वैक्सीन उपलब्ध नहीं हो पा रही है। कोरोना वैक्सीन लगना प्रारंभ होने के तीन माह बाद भी अभी तक देश की मात्र दस फीसदी आबादी को ही कोरोना के टीके लग पाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राज्य सरकारों से आव्हान किया था कि देश में कोरोना वैक्सीन लगाने की रफ्तार बढ़ाकर प्रतिदिन 50 लाख टिको तक पहुंचाई जाए। मगर टीको की कमी के चलते टीकाकरण की रफ्तार धीमी पड़ गई है जो चिंता की बात है।

देश में कोरोना संक्रमितो की संख्या बढ़कर एक करोड़ पचास लाख के करीब पहुंच चुकी है। जबकि एक लाख 76 हजार लोगों की मृत्यु हो चुकी है। यदि कोरोना पॉजिटिव आने की वर्तमान रफ्तार कायम रही तो आने वाले कुछ दिनों में ही देश में स्थिति बेकाबू होने की आशंका व्यक्त की जाने लगी है। आज भी बहुत से प्रदेशों में लोगों के उपचार के लिए उपर्युक्त स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी महसूस की जा रही है। आए दिन मीडिया में बड़ी संख्या में जलती चिताओं की फोटो आ रही है। जिनको देखकर लोगों का मन विचलित हो रहा है। सरकार ने जीवन रक्षक माने जाने वाली रेमडेसिवर इंजेक्शन का उत्पादन कई गुना बढ़ा दिया है तथा इसके दामों में भी बड़ी कटौती की है। ताकि लोगों को कम दामों पर पर्याप्त मात्रा में ये जीवन रक्षक इंजेक्शन मिल सके।

देश में कोविड वैक्सीन की कमी के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने कहा है कि शिघ्र ही कोविड वैक्सीन का उत्पादन दस गुना तक बढ़ाया जाएगा।

कोरोना के खिलाफ लड़ाई में भारत में बने वैक्सीन की बड़ी भूमिका मानी जा रही है। हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक द्वारा बनाई गई कोवैक्सीन नामक वैक्सीन अब तक स्वदेश में तैयार हुई एकमात्र वैक्सीन है। वहीं भारत में कोरोना के हालात को देखते हुए मोदी सरकार ने अब इस स्वदेशी वैक्सीन की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए कदम बढ़ाया है। भारत बायोटेक के बेंगलुरु स्थित नए केंद्र के लिए सरकार ने 65 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। वैक्सीन के प्रोडक्शन में तेजी लाने के लिए तीन अन्य सरकारी उपक्रमों को सहायता देने का फैसला किया है। इसके तहत महाराष्ट्र सरकार की सरकारी कम्पनी हाफकिन बायोफार्मास्यूटिकल कोरपोरेशन लिमिटेड को भी 65 करोड़ रुपये अनुदान के रूप में देने का फैसला किया गया है। कम्पनी को 6 महीने में अपना उत्पादन शुरू करने को कहा गया है। पूरी तरह उत्पादन शुरू होने पर कम्पनी एक महीने में 2 करोड़ डोज बनाने की क्षमता हासिल कर लेगी। हैदराबाद स्थित और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के तहत काम करने वाली कम्पनी इंडियन इम्यूनोलोजिकल्स लिमिटेड और बुलंदशहर स्थित भारत सरकार के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनी भारत इम्युनोलोजिकल्स एंड बायोलॉजिकल्स लिमिटेड को भी वित्तीय सहायता दी जाएगी। एक बार उत्पादन शुरू होने के बाद दोनों कम्पनियां अगस्त-सितम्बर तक हर महीने डेढ़ करोड़ वैक्सीन का उत्पादन कर सकेंगी। कोरोना महामारी की बेकाबू रफ्तार के बीच रूस में बने स्पूतनिक-वी टीके को देश में इमरजेंसी उपयोग की मंजूरी मिल गई है। रूस के गमालेया रिसर्च इंस्टीट्यूट ने इस टीके के 91.6 प्रतिशत असरदार होने का दावा किया है। इस टीके को 8 डिग्री सेल्सियस फ्रीज के तापमान पर 2 महीने तक रखा जा सकता है। वैज्ञानिकों की कोशिश इसे छह माह करने की है। इसे रूस ने पिछले साल अगस्त में इस्तेमाल के लिए मंजूरी दी थी। इसे सर्बिया, अर्जेंटीना, वॉलिविया समेत 60 से अधिक देशों में इस्तेमाल की मंजूरी मिल चुकी है। भारत में रूस के राजदूत निकोलाय कुदासेव ने स्पूतनिक-वी के इस्तेमाल की सिफारिश किए जाने को सही ठहराते हुए कहा कि यह कदम निश्चित रूप से कोविड-19 महामारी का मुकाबला करने के लिए भारत सरकार के प्रयासों में योगदान देगा।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में एक गाइडलाइंस जारी की है। इसमें आवेदन मिलने के तीन दिन के अंदर विदेश में बनी कोरोना की वैक्सीन को मंजूरी मिल जाएगी। माना जा रहा है कि सरकार ने देश में टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाने के लिए यह फैसला लिया है। सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड्स कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन उन वैक्सीन के आपातकालीन इस्तेमाल के लिए आवेदन स्वीकार करेगी। जिन्हें अमेरिका, यूरोप, इंग्लैंड और जापान के नियामकों की मंजूरी मिल चुकी है। इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन की इमर्जेंसी यूज लिस्ट में शामिल वैक्सीन भी भारत में एप्रूवल के लिए आवेदन कर सकेंगी। ऐसे में भारत में जल्द ही कई विदेशी वैक्सीन आ सकती हैं।

विदेश में नियामकों की मंजूरी वाली वैक्सीन को भारत में क्लिनिकल या ब्रिजिंग ट्रायल की जरूरत नहीं होगी। नीति आयोग के सदस्य और वैक्सीन पर बने राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह के अध्यक्ष डॉ. वीके पॉल ने साफकिया कि विदेशी वैक्सीन को भारत में ट्रायल से छूट सिर्फ कोरोना संक्रमण के मौजूदा हालात को देखते हुए दी गई है। दरअसल देश में सीरम इंस्टीट्यूट और भारत बायोटेक फिलहाल प्रतिदिन लगभग 23 लाख डोज तैयार कर रही हैं। जबकि प्रतिदिन औसतन 35 लाख टीके लगाए जा रहे हैं। इसकी तुलना में उत्पादन बहुत कम है। इस कमी को दूर करने के लिए सरकार कई स्तरों पर काम कर रही है।

अहिंसा के मूर्तिमान के प्रतीक: भगवान महावीर

सुरेश जैन

> महावीर स्वामी अपने बहुत ही अमूल्य उपदेश में कहते हैं कि ब्रह्मचर्य उत्तम तपस्या, नियम, ज्ञान, दर्शन, चारित्र, संयम और विनय की जड़ है। तपस्या में ब्रह्मचर्य श्रेष्ठ तपस्या है। जो पुरुष स्त्रियों से सम्बन्ध नहीं रखते, वे मोक्ष की और बढ़ते हैं। यही संदेश अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य(अस्तेय) और ब्रह्मचर्य के माध्यम से भगवान महावीर दुनिया को देना चाहते हैं। भगवान महावीर साधना काल 12 वर्ष का था। दीक्षा लेने के उपरांत भगवान महावीर ने दिगम्बर साधु की कठिन चर्या को अंगीकार किया और निर्वस्त्र रहे। श्वेताम्बर संप्रदाय के अनुसार भी महावीर दीक्षा उपरांत कुछ समय छोड़कर निर्वस्त्र रहे और उन्होंने केवल ज्ञान की प्राप्ति भी दिगम्बर अवस्था में ही की। अपने पूरे साधना काल के दौरान महावीर ने कठिन तपस्या की और मौन रहे।

'हर व्यक्ति अपने स्वयं के दोष की वजह से दुखी रहता है। वह खुद अपनी गलती सुधार कर प्रसन्न हो सकता है। स्वयं से लड़ो, बाहरी दुश्मन से क्या लड़ना? वह जो स्वयं पर विजय कर लेगा, उसे आनंद की प्राप्ति होगी। पृथ्वी पर हर जीव स्वतंत्र है। कोई किसी पर भी आश्रित नहीं है। प्रत्येक आत्मा स्वयं में सर्वज्ञ और आनंदमय है। आनंद बाहर से नहीं आता। आनंद तो अंतर से होता है, निःसीमा होता है, शाश्वत होता है और भगवान के मिलन के बाद मानव की आत्मानुभूति होता है। अतः आपकी आत्मा से परे कोई भी शत्रु नहीं है। असली शत्रु - क्रोध , घमंड , लालच ,आसक्ति और नफरतज आपके भीतर हैं।'

भगवान महावीर जैन पन्थ के चौंबीसवें तीर्थंकर हैं। भगवान महावीर का जन्म करीब ढाई हजार वर्ष पहले यानी ईसा से 599 वर्ष पूर्व वैशाली गणतंत्र के कुण्डलपुर में इक्ष्वाकु वंश के क्षत्रिय राजा सिद्धार्थ और रानी त्रिशला के यहां चैत्र शुल्क तेरस को हुआ था। ग्रंथों के अनुसार उनके जन्म के बाद राज्य में उन्नति होने से उनका नाम वर्धमान रखा गया था। महावीर जब शिशु अवस्था में थे, तब इन्द्रों और देवों ने उन्हें सुमेरु पर्वत पर ले जाकर प्रभु का जन्मकल्याणक मनाया। जैन ग्रंथ उत्तरपुराण में वर्धमान, वीर, अतिवीर, महावीर और सन्मति ऐसे पांच नामों का उल्लेख है। इन सब नामों के साथ कोई कथा जुड़ी है। जैन ग्रंथों के अनुसार, 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ जी के निर्वाण (मोक्ष) प्राप्त करने के 188 वर्ष बाद इनका जन्म हुआ था। तीस वर्ष की आयु में महावीर ने संसार से विरक्त होकर राज वैभव त्याग दिया और संन्यास धारण कर आत्मकल्याण के पथ पर निकल गए। 12 वर्षों की कठिन तपस्या के बाद उन्हें केवल ज्ञान प्राप्त हुआ, जिसके पश्चात् उन्होंने समवशरण में ज्ञान प्रसारित किया। 72 वर्ष की आयु में उन्हें पावापुरी से मोक्ष की प्राप्ति हुई। जैन समाज महावीर स्वामी के जन्मदिवस को महावीर जयंती जबकि उनके मोक्ष दिवस को दीपावली के रूप में धूम-धाम से मनाता है। जैन ग्रंथों के अनुसार समय-समय पर धर्म तीर्थ के प्रवर्तन के लिए तीर्थंकरों का जन्म होता है, जो सभी जीवों को आत्मिक सुख प्राप्ति का उपाय बताते है। तीर्थंकरों की संख्या चौबीस ही कही गयी है। भगवान महावीर वर्तमान अवसर्पिणी काल की चौबीसी के अंतिम तीर्थंकर थे और ऋषभदेव पहले। हिंसा, पशुबलि, जात-पात का भेद-भाव जिस युग में बढ़ गया, उसी युग में भगवान महावीर का जन्म हुआ। उन्होंने दुनिया को सत्य, अहिंसा का पाठ पढ़ाया। तीर्थंकर महावीर स्वामी ने अहिंसा को सबसे उच्चतम नैतिक गुण बताया। उन्होंने अनेकांतवाद, स्यादवाद और अपरिग्रह जैसे अद्भुत सिद्धांत दिए। त्याग और संयम, प्रेम और करुणा, शील और सदाचार ही उनके प्रवचनों का सार था। महावीर के सर्वोदयी तीर्थों में क्षेत्र, काल, समय या जाति की सीमाएं नहीं थीं। भगवान महावीर का आत्म धर्म जगत की प्रत्येक आत्मा के लिए समान था। दुनिया की सभी आत्मा एक-सी हैं इसीलिए हम दूसरों के प्रति वही विचार एवं व्यवहार रखें, जो हमें स्वयं को पसंद हो। यही महावीर को जियो और जीने दो का सिद्धांत है।

भगवान महावीर अपने उपदेशों में कहते हैं- 'मैं जब जीवों से क्षमा चाहता हूँ। जगत के सभी जीवों के प्रति मेरा मैत्रीभाव है। मेरा किसी से वैर नहीं है। मैं सच्चे ह्रदय से धर्म में स्थिर हुआ हूँ। सब जीवों से मैं सारे अपराधों की क्षमा मांगता हूँ। सब जीवों ने मेरे प्रति जो अपराध किए हैं, उन्हें मैं क्षमा करता हूँ। मैंने अपने मन में जिन-जिन पाप की वृत्तियों का संकल्प किया हो, वचन से जो-जो पाप वृत्तियाँ प्रकट को हों और शरीर से जो-जो पापवृत्तियाँ को हों, मेरी वे सभी पापवृत्तियाँ विफल हों। मेरे पाप मिथ्या हों। धर्म सबसे उत्तम मंगल है। अहिंसा, संयम और तप ही धर्म है। जो धर्मात्मा है, जिसके मन में सदा धर्म रहता है, उसे देवता भी नमस्कार करते हैं। भगवान महावीर ने चतुर्विध संघ की स्थापना की। देश के भिन्न-भिन्न भागों में घूमकर भगवान महावीर ने अपना पवित्र संदेश फैलाया। उन्होंने दुनिया को जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य (अस्तेय) और ब्रह्मचर्य बताए।

भगवान महावीर स्वामी कहते हैं, हे पुरुष! तू सत्य को ही सच्चा तत्व समझ। जो बुद्धिमान सत्य की ही आज्ञा में रहता है, वह मृत्यु को तैरकर पार कर जाता है। इस लोक में जितने भी त्रस जीव (एक, दो, तीन, चार और पांच इन्द्रियों वाले जीव) है उनकी हिंसा मत कर, उनको उनके पथ पर जाने से न रोको। उनके प्रति अपने मन में दया का भाव रखो। उनकी रक्षा करो। दूसरे के वस्तु बिना उसके दिए हुआ ग्रहण करना जैन ग्रंथों में चोरी कहा गया है। परिग्रह पर भगवान कहते हैं, जो आदमी खुद सजीव या निर्जीव चीजों का संग्रह करता है, दूसरों से ऐसा संग्रह कराता है या दूसरों को ऐसा संग्रह करने की सम्मति देता है, उसको दुःखों से कभी छुटकारा नहीं मिल सकता।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कभी कहती है

कभी कहती है खामोशी, कभी शोर मचाता सन्नाटा..! हौसले जब तक जिंदा है, कौन किस बात से घबराता...! नफरतें ही नफरतें फैली जहाँ, है मानो क्रोध की ज्वाला.....! शब्दों का बाण चलाते, जैसे हो विष का प्याला....! यहां प्रेम से भी जीता हैं जग, और प्रेम से ही मन हारा है..... ये दिव्य विभूति की धरती, जो हिंदुस्तान हमारा है....!!

– **निशा रावल**

मानव-वानर गले

मानव-वानर गले मिले हैं, बजा दिया है जग में डंका, धर्म धरा पर फिर से उतरा, नष्ट किए दुष्टों की लंका। धर्म सत्य पर आधारित हों, ज्ञान हो निर्मल गंगा जैसा, भूख प्यास की पीड़ा न हो, हर मानव हो मानव जैसा। नवराते में शक्ति पूजें, हर तन बने बज्र के जैसा, राज करे चाहे कोई भी, राजा हो श्रीराम के जैसा। – **अंबर दानी**

खास पाती

कोरोना से स्वयं कीजिये

कोरोना से स्वयं कीजिये अपना बचाव । भाजपा सक्षम होती तो मध्यप्रदेश में ना होता । कांग्रेस सक्षम होती तो छत्तीसगढ़ में ना होता । शिवसेना सक्षम होती तो महाराष्ट्र में ना होता । केजरीवाल सक्षम होते तो दिल्ली में ना होता । योगी जी सक्षम होते तो यूपी में न होता। मोदी सक्षम होते तो भारत मे ना होता । नेता सक्षम होते तो उन्हें खुद को ना होता । पैसे से रुकता तो अमेरिका में ना होता ।। डॉक्टर और दवा से रुकता तो स्वीडन, फ्रांस और बेल्जियम में न होता।

– **अनामिका चक्रवर्ती**

मैहर वाली शारदा माता आफत सारी

मैहर वाली शारदा माता, आफत्त सारी कर दो दूर। हाथ जोड़कर विनती मोरी, कोरोना को कर दो चूर।। सांस न टूटै भक्तन केरी, रहैं खुशी से सारे लोग। दया-दृष्टि डालो महतारी, मां फैला है घातक रोग।। अति दयालु हो मातु भवानी, रक्षा करो भक्त अकुलाय। कृपा करो हे मैया मोरी, सब भक्तन का जी हर्षाय।। दर्शन करने कैसे आऊं, लगा लॉकडाउन है माय। मन-मंदिर में मातु विराजो, दर्शन बिना रहा नहिं जाय।।

–**राजकुमार धर द्विवेदी**

मुख्तसर सी बात मुख्तलिफ

मुख्तसर सी बात मुख्तलिफ जज़्बात हसीन तसव्वुर में पोशीदा तवील सुकूं लम्स , रफ्ता-रफ्ता उतर रहा रूह में ,, जैसे चमक रहा जजीरा , आशनाई की धूप से ,, अंगड़ाईयों की मोसिकी मद्धम मद्धम थिरक रही , घुँघरू बज रहे दूर कही , सब्ज़ा हवाओं का बेसाख्ता लबों पर है,, खुदा खैर करे,ये नींद न टूटे ख्वाब मुकम्मल होने को है।

– **नम्रता सरन सोना**

स्वीकार करने की हिम्मत और

स्वीकार करने की हिम्मत और सुधार करने की नीयत हो तो इंसान बहुत कुछ सीख सकता है। बुरे में अच्छा ढूँढो तो कोई बात बने अच्छे में बुराई ढूँढना तो दुनिया का रिवाज है।

– **सुमन मिश्रा शर्मा**

सृजन शक्ति मात कौशल्या अद्भुत

सृजन शक्ति मात कौशल्या अद्भुत छवि अनूप खिलखिलावे राम सलोने लजे चंद्र का रूप शीतल छाया मातृ की बड़ सुख पाता पुत्र माँ सिद्धिदात्री साक्षात तुम, श्रद्धा की प्रतीक भी तुम, धन्य माता आप हो, जन्मों आदर्श सपूत! अस्मिता प्रतीक राम जी, माँ जगदम्बा स्वरूप!– **डॉ मेनका त्रिपाठी**

एक बेनाम सी लड़की से इश्क

एक बेनाम सी लड़की से इश्क करता हूँ, एक गुमनाम मोहब्बत पे रश्क करता हूँ, दिल मचलता है उसे प्यार का पैगाम लिखूँ, कोरे कागज के हवाले ये अश्क करता हूँ ! – **कुलदीप मिश्रा**

कोरोना के कोप से, मानव हुआ हताश संकट के इस काल

कोरोना के कोप से, मानव हुआ हताश संकट के इस काल का, करिए राम विनाश, करिए राम विनाश, दुष्ट मानव पर भारी। सुमिर रहे सब इष्ट, देव प्रकटो अवतारी। कीजै शर संधान, मिटे कोविड का टोना, सुमरें हर पल देव, हरो माया कोरोना। – **हरिवल्लभ शर्मा 'हरि'**

QUIZ TIME

1) उस पुर्तगाली कराधान व्यवस्था का क्या नाम था, जिसके अंतर्गत प्रत्येक व्यापारी जहाज को गोवा के वायसराय से अनुमति प्राप्त करनी पड़ती थी?

2) 1829 में 'अधिनियम 17' के माध्यम से लार्ड विलियम बैटिंक ने किस सामाजिक कुरीति का उन्मूलन किया था?

3) मृणाल सेन की 1969 में प्रदर्शित हिंदी फिल्म 'भुवन सोम' किस बंगाली उपन्यासकार की कहानी पर आधारित थी?

4) किस यूनानी पौराणिक चरित्र को वरदान के रूप में भविष्यवाणी की क्षमता प्राप्त हुई थी, किंतु साथ ही उसे यह शाप भी मिला था कि उसकी बातों पर कभी किसी को विश्वास नहीं होगा?

5) मराठी सिनेमा और मराठी थिएटर में मुख्य रूप से काम करने वाले भारतीय फिल्म निर्माता का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कार्टाज (2) सती (3) बी.सी.मुखोपाध्याय की, 'बोनोफूल' (4) कैसेंड्रा (5) सुमित्रा भावे

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1504- सिखों के दूसरे धर्मगुरू अंगद का जन्म। 1564- कवि और नाटककार विलियम शेक्सपियर का जन्म। 1660- स्वीडन और पोलैंड ने ओलिवा संधि पर सहमति जतायी। 1908- डेनमार्क, जर्मनी,ब्रिटेन, फ्रांस, हालैंड और स्वीडन ने उत्तरी अटलांटिक संगठन संधि(नाटो) पर हस्ताक्षर किये। 1935- यूरोपीय देश पोलैंड ने संविधन अपनाया। 1968- मशहूर गजल गायक बड़े गुलाम अली खान का निधन। 1992- प्रसिद्ध फिल्म निर्माता-निर्देशक एवं भारत रत्न से सम्मानित सत्यजीत रे का निधन।1992- मैकडॉनल्ड्स ने चीन में अपना पहला फास्ट-फूड रेस्तरां खोला। 2000- बहमिन की खाड़ी में वायुसेना के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 124 लोगों की मौत हुई। 2005- यू ट्यूब पर पहली बार वीडियो अपलोड किया गया। 2007- रूस के पूर्व राष्ट्रपति बोरिस निकोलाइएविच ऐल्तसिन का निधन। 2013- वेस्टइंडीज के बल्लेबाज क्रिस गेल ने क्रिकेट इतिहास का सबसे तेज शतक मात्र 30 गेंदों में जड़ा। 2013- फ्रांस ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी दी। 2014- अफ्रीकी देश लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो में भीषण ट्रेन दुर्घटना में 60 लोगों की मौत हुई और 80 से अधिक लोग घायल हुए।

भारत में बढ़ते कोरोना मामलों से चिंतित है प्रियंका चोपड़ा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा भारत में बढ़ते कोरोना के मामले को लेकर चिंतित है और उन्होंने लोगों से महामारी से बचने के लिये सावधानी बरतने की अपील की है। भारत में कोरोना के बढ़ते मामलों से प्रियंका चोपड़ा चिंतित है। उन्होंने भारत के लोगों के लिए अपनी चिंता जाहिर की है और लोगों से कोरोना महामारी से बचने के लिए सावधानियां बरतने की अपील की है।प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया के जरिए लोगों से कहा है कि वो अपने आस-पास के लोगों से बात करें और मामले की गंभीरता को समझाने की कोशिश करें। हम इसे हल्के में नहीं ले सकते। प्रियंका ने लिखा, ÷भारत में कोविड-19 की स्थिति गंभीर है। मैं देश के अलग-अलग हिस्सों से आ रही तस्वीरों और कहानियों को देख रही हूं जो बहुत डरावनी हैं.. स्थिति नियंत्रण से बाहर है और हमारी चिकित्सा व्यवस्था एक टूटने वाले बिंदु पर है।कृपया घर पर रहें.. मैं आपसे घर रहने की विनती करती हूं। इसे अपने, अपने परिवार, दोस्तों, समुदाय और अपने फ्रंटलाइन के कार्यकर्ताओं के लिए भी जरूरी समझें। हर एक डॉक्टर और फ्रंटलाइन कार्यकर्ता एक ही बात कह रहे हैं कि घर पर रहें। प्रियंका ने लिखा, सुनिश्चित करें आपके जानने वाला हर व्यक्ति घर पर रहे। अगर आप बाहर जाते हैं तो मास्क पहनें। अपने आस-पास के लोगों से बात करें और मामले की गंभीरता को समझाने की कोशिश करें। हम इसे हल्के में नहीं ले सकते। जब भी आपकी बारी आए, वैक्सीन लगवाएं।

घर पर रहकर बदल गई सोनाक्षी सिन्हा

नई दिल्ली। सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरे शेयर की हैं। उनके ट्रांसफॉर्मेशन ने लोगों को हैरान कर दिया है। वह इतनी फिट दिख रही हैं कि लोग उन्हें डुप्लिकेट सोनाक्षी बोल रहे हैं। सोनाक्षी ने अपने वर्कआउट रूटीन के फोटोज पोस्ट किए हैं और उनका बदला लुक चर्चा में है। सोनाक्षी ने कैप्शन दिया है, जब वर्क फ्रॉम होम का मतलब आपके लिए वर्कआउट फ्रॉम होम हो। तस्वीरों में वह स्पोर्ट्सवियर पहने दिख रही हैं। अपने अपार्टमेंट में ही वर्कआउट कर रही हैं। उनके पोस्ट पर कई लोगों ने उनके ट्रांसफॉर्मेशन की तारीफकी है। धर्मा प्रोडक्शंस के ष्टश्वह्र अपूर्वा मेहता ने कॉमेंट किया है, यकीन नहीं हो रहा, तुम एकदम अलग दिख रही हो। एक और यूजर ने उनको डुप्लिकेट सोना लिखा है। सोनाक्षी सिन्हा पहले भी बता चुकी हैं कि उन्हें बॉडीशेमिंग का सामना करना पड़ा है। Cosmopolitan को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि जब वह स्कूल जाती थीं तो उनका वजन 95 किलो था। सोनाक्षी ने कहा था, मैंने बुलीइंग को कभी दिल से नहीं लिया। इससे कभी खुद को शर्मिंदा महसूस नहीं किया क्योंकि मैं हमेशा अपने वेट या साइज से कहीं ज्यादा थी।

करण ने किया 'पेट घुमाने वाला योग'

नई दिल्ली। सिलेब्रिटीज फिटनेस को लेकर काफी सजग रहते हैं। योग उनकी जिंदगी का हिस्सा बन गया है। बिपासा बसु के ऐक्टर पति करण सिंह ग्रोवर ने अपना वीडियो शेयर किया है जिसे देखकर उनकी वाइफतो डर गईं वहीं लोग उन्हें बाबा रामदेव बुला रहे हैं। करण सिंह ग्रोवर इस वीडियो में अग्निसार क्रिया करते दिखाई दे रहे हैं।

वीडियो में करण ने शर्टलेस हैं। वह स्वांस क्रिया करते दिख रहे हैं। बाबा रामदेव को अग्निसार क्रिया करते कई बार देखा गया है। करण के वीडियो पर बिपाशा ने लिखा है, ये बहुत डरावना और कठिन लग रहा है। करण के फॉलोअर्स ने मजेदार कॉमेंट्स किए हैं। किसी ने उनकी आंखों को शेर जैसी बताया है तो किसी ने उनको बाबा रामदेव प्रो तो किसी ने लाइट बताया है।

'राधे : योर मोस्ट वॉन्टेड भाई' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'राधेः योर मोस्ट वॉन्टेड भाई' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।' सलमान ईद के मौके पर अपने फैंस को तोहफा देंगे। उन्होंने एलान किया कि 'राधे' इसी साल ईद पर रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन प्रभुदेवा ने किया है। इसे सलमान खान फिल्म्स ने जी स्टूडियो के साथ मिलकर प्रस्तुत किया है। सलमान खान के साथ फिल्म में अभिनेत्री दिशा पाटनी हैं। साथ ही जैकी श्रॉफ और रणदीप हुड्डा की मुख्य भूमिका है। कोरोना की वजह से ज्यादातर जगहों पर सिनेमाघर बंद हैं। ऐसे में सलमान खान ने बताया कि इस साल 13 मई को ईद के मौके पर फिल्म आएगी। 'राधे' को सिनेमाहॉल के साथ-साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की शुरुआत में मुंबई शहर में ड्रग्स के मुद्दे को दिखाया गया है। सलमान खान पुलिस वाले के रूप में एंट्री करते हैं जिसका नाम राधे है।

न्यूज गैलरी

पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार सातवें दिन स्थिर

नई दिल्ली (वार्ता)। पेट्रोल-डीजल की कीमतें गुरुवार को लगातार सातवें दिन स्थिर रहीं। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल आज 90.40 रुपये और डीजल 80.73 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। पंद्रह दिन स्थिर रहने के बाद तेल विपणन कंपनियों ने ग?त 15 अप्रैल को इनमें कटौती की थी। इसके बाद से फिर दोनों के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में भी पेट्रोल–डीजल के दाम स्थिर रहे।

पेट्रोल-डीजल के दाम की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

केयर रेटिंग्स ने आर्थिक वृद्धि दर अनुमान घटाया

मुंबई। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी केयर रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिये भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 10.2 प्रतिशत कर दिया है। पूर्व में वृद्धि दर 10.7 से 10.9 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी गयी थी। कोरोना वायरस मामले में तेजी से वृद्धि के साथ विभिन्न राज्यों में लगायी जा रही पाबंदियों से आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होने के साथ वृद्धि दर के अनुमान को कम किया गया है।

पिछले एक महीने में यह तीसरा मौका है जब रेटिंग एजेंसी ने अनुमान को संशोधित किया है। केयर रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा, ''हमने 2021-22 के लिये जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित किया है। पिछले लगभग 30 दिनों में जो बदलाव हुआ है, उसके कारण अनुमान को संशोधित किया गया है। हमने इसे कम कर अब 10.2 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले, केयर रेटिंग्स ने 24 मार्च, 2021 को जीडीपी वृद्धि दर 11 से 11.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। राज्य में पाबंदियों के कारण आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होने से एजेंसी ने पांच अप्रैल को 2020-21 के लिये जीडीपी अनुमान को घटाकर 10.7 से 10.9 प्रतिशत कर दिया था।केयर रेटिंग्स के अनुसार लेकिन बाद में 20 अप्रैल से 'लॉकडाउन को कड़ा कर दिया गया जिसे व्यापार गतिविधियों पर आने वाले समय में अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।

सिस्सू में बनेगा देश का सबसे ऊंचा क्रिकेट स्टेडियम

शिमला (वार्ता)। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिले लाहौल-स्पीति के सिस्सू में देश के सबसे ऊंचे क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इसके लिये पहली बाधा पार कर ली गई है। स्टेडियम के लिए स्थानीय पंचायत और राजस्व विभाग ने 38 बीघा जमीन की निशानदेही के बाद फाइल वन विभाग को भेज दी है। वन विभाग अब प्रदेश सरकार से आशयपत्र मिलने के इंतजार में है। स्टेडियम के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। लाहौल-स्पीति जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सुरेद्र ठाकुर ने बताया कि सात वर्ष पूर्व सिस्सू में स्टेडियम निर्माण की कवायद शुरू हुई थी। कुल्लू जिले में रोहतांग स्थित अटल सुरंग के उत्तरी छोर से महज आठ किमी दूर 11000 हजार फीट की ऊंचाई पर प्रस्तावित यह क्रिकेट स्टेडियम देश में सबसे ऊंचा होगा। इसकी क्षमता 10 हजार दर्शकों की होगी। अभी सोलन के चायल में देश का सबसे ऊंचा क्रिकेट स्टेडियम है जो 7500 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। इसका निर्माण वर्ष 1891 में पटियाला के महाराजा भूपेंद्र सिंह ने कराया था। उन्होंने कहा कि यह स्टेडियम चंदे के पैसे से तैयार होगा।

बंद होगा सीरियल 'तेरी लाडली मैं',

मुंबई। कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ने के बाद महराष्ट्र में 15 दिन के लॉकडाउन का एलान कर दिया गया है। जिसका असर हर क्षेत्र में देखा जा रहा है। फिल्मों और टीवी शोज की शूटिंग बंद है। वहीं कई मेकर्स ने दूसरे राज्यों में शूटिंग का फैसला लिया है हालांकि कई सीरियल के मेकर्स के लिए आर्थिक रूप से यह संभव नहीं हो पा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, स्टार भारत पर प्रसारित सीरियल 'तेरी लाडली मैं' जल्द ही बंद होने जा रहा है। सीरियल में गौरव वाधवा, हेमांगी कवि और मयूरी कपड़ाने की मुख्य भूमिका है। शो का क्लाइमेक्स भी शूट नहीं किया गया है उससे पहले ही मेकर्स ने ये फैसला ले लिया।

सेंसेक्स में 220 अंकों की गिरावट, 14300 के नीचे आया निफ्टी

नई दिल्ली। आज हफ्ते के चौथ दिन गुरुवार को शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ लाल निशान पर हुई। बीएसई का सेंसेक्स 220.63 अंक लुढ़ककर 47,485.17 और निफ्टी 54.45 अंक गिरकर 14,241.95 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। राम नवमी के अवसर पर बुधवार को बीएसई, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज, विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार बंद रहेंगे। मंगलवार को हफ्ते के दूसरे दिन शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। सेंसेक्स 243.62 अंक टूटकर 47,705.80 अंक और निफ्टी 63.05 अंक के नुकसान से 14,296.40 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार के दौरान देश में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा नीतिगत उपायों की घोषणा से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई और मंगलवार को सेंसेक्स 500 अंक से अधिक चढ़ा, जबकि निफ्टी ने एक बार फिर 14,500 का स्तर हासिल कर गया लेकिन कारोबार के अंत तक बढ़त को बरकरार

रोहित शर्मा और कीरोन पोलार्ड के विकेट मेरे लिए खास थेः मिश्रा

चेन्नई (वार्ता)। पांच बार की आईपीएल विजेता मुंबई इंडियंस के खिलाफ यहां मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स की शानदार जीत के हीरो और प्लेयर ऑफद मैच रहे लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने कहा कि रोहित शर्मा और कीरोन पोलार्ड के विकेट उनके लिए बहुत खास थे। अमित ने यहां मैच के बाद कहा, ÷ रोहित शर्मा और कीरोन पोलार्ड के विकेट मेरे लिए इसलिए खास थे, क्योंकि वे कई वर्षों से मुंबई इंडियंस के लिए गेम चेंजर रहे हैं। मैं जो भी मैच खेलता हूं उसमें हमेशा विकेट के लिए जाता हूं। मेरी स्पष्ट योजना थी कि मुझे कहां गेंदबाजी करनी चाहिए और कैसे मैं अपनी गेंदबाजी में बदलाव से मुंबई इंडियंस के हर बड़े खिलाड़ी को आउट कर सकता हूं। मैं बहुत खुश हूं कि मैं अपनी योजनाओं को अंजाम दे सका और इससे ज्यादा मैं दिल्ली कैपिटल्स के मैच जीतने से खुश हूं। 38 वर्षीय अमित ने कहा, ÷ लगातार अलग-अलग स्थानों पर खेलने से खिलाड़ी प्रभावित नहीं हुए। कम समय में एक अलग स्थान पर खेलने के लिए तैयार होना एक चुनौती थी, लेकिन पेशेवर क्रिकेटरों के रूप में हम जानते हैं कि कैसे खुद को प्रेरित करना है और अगले मैच के लिए उबरना है। इन स्थितियों में फिजियो का काम बहुत महत्वपूर्ण है और एक बार जब हम मैदान पर कदम रखते हैं, हम केवल अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करते हैं और किसी भी चीज के बारे में नहीं सोचते हैं। अमित ने मैच शुरु होने से पहले यह पूछे जाने पर कि क्या मुंबई इंडियंस के खिलाफहालिया रिकॉर्ड दिल्ली कैपिटल्स के खिलाडियों के दिमाग में है, कहा था, टी-20 में हमें अतीत को भूलना होगा और हर मैच में एक नई शुरुआत करनी होगी।

लॉकडाउन की अफवाहों के बीच बढ़ी जमाखोरी

नई दिल्ली। कोरोना की दूसरी लहर रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के बाद अफवाह का बाजार गर्म हो गया है। लॉकडाउन को लेकर अफवाह का असर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र पर सामान रूप से हुआ है। ग्रॉसरी शॉप चलाने वाले दुकानदारों का कहना है कि अफवाह से किराने की वस्तुओं की बिक्री में करीब 20 फीसदी का इजाफा हुआ है। इसके चलते कीमत में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। खाद्य तेल से लेकर मासालों के दाम में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। मुख्य आवश्यक वस्तुओं की कीमत 5त्न से लेकर 20 त्न तक बढ़ गई है। लोगों में भय है कि आने वाले दिनों में जरूरी सामानों की किल्लत होने वाली है। इसीलिए वे आवश्यक वस्तुओं को अधिक मात्रा में खरीदकर स्टॉक कर रहे हैं। हालांकि, वास्तविक स्थिति ऐसी नहीं है। एफएमसीजी कंपनी आईटीसी, पारले प्रोडक्ट्स, सीजी कॉर्प, मेरिको और इमामी ने कहा है कि पिछले साल लागू लॉकडाउन के अनुभव से जरूरी उत्पादों की आपूर्ति करने में पूरी तरह सक्षम हैं। उनके पास आवश्यक वुस्तुओं का समुचित भंडारण हैं। वो आपूर्ति को बनाए रखने में पूरी तरह सक्षम हैं।

आईसीसी ने यूएई के तेज गेंदबाज कादिर अहमद पर लगाया पांच साल का प्रतिबंध

दुबई (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के तेज गेंदबाज कादिर अहमद पर उसकी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के छह नियमों के उल्लंघन को लेकर पांच साल का प्रतिबंध लगाया है। इस दौरान वह किसी भी तरह से क्रिकेट के साथ कोई संपर्क नहीं रख पाएंगे। प्रतिबंध की अवधि की शुरुआत अक्टूबर 2019 से की जाएगी, जब कादिर को अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था।

कादिर के खिलाफ अप्रैल 2019 में जिंबाब्वे सीरीज सहित कई मौकों पर भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने संबंधी आरोपों को लेकर आईसीसी की एंटी करप्शन यूनिट (एसीयू) के पास रिपोर्ट न करने को लेकर अपराध दर्ज है। कादिर को अगस्त 2019 में एक टूर्नामेंट की आंतरिक जानकारी साझा करने और एक जांच के दौरान एसीयू के साथ सहयोग न करने, जांच में बाधा डालने और इसमें देरी करने संबंधी अनुच्छेद के उल्लंघन का भी दोषी पाया गया है। आईसीसी की इंटेग्रिटी यूनिट के महाप्रबंधक एलेक्स मार्शल ने बुधवार को कहा, ÷ कादिर अहमद एक अनुभवी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हैं, जिन्होंने भ्रष्टाचार-रोधी प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्हें उन लोगों से बचना चाहिए था, जिनके बारे में उन्हें अच्छी तरह से पता था कि ये भ्रष्ट हैं और किसी भी संदेह की सूचना तुरंत देनी चाहिए थी। उन्होंने अपनी गलती स्वीकार की है और अधिकरण के बजाये एक प्रतिबंध का अनुरोध किया है। पांच साल के लिए हर प्रकार के क्रिकेट से प्रतिबंधित होना उनके द्वारा किए गए अपराधों की गंभीरता को दिखाता है। 35 वर्षीय आदिल ने यूएई के लिए 11 वनडे और 10 टी-20 मुकाबले खेले हैं। उन्होंने अगस्त 2019 में अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला था।

संभावना

कमिंस ने हैरतअंगेज बल्लेबाजी की 34 गेंदों पर नाबाद 66 रन बनाए

चेन्नई ने जीता कोलकाता से बेहद रोमांचक मुकाबला

मुंबई (वार्ता)। कोलकाता नाईट राइडर्स ने आंद्रे रसेल (54) और पैट कमिंस (नाबाद 66) की शानदार आतिशी पारियों से चेन्नई सुपर किंग्स के तीन विकेट पर 220 रन के विशाल स्कोर को बौना साबित करने का पूरा प्रयास किया लेकिन चेन्नई ने अंत में यह मुकाबला 18 रन से जीत लिया और रोमांचक जीत अपने नाम की।

चेन्नई ने फाफ डू प्लेसिस (नाबाद 95) और अंशुमान गायकवाड (64) के शानदार अर्धशतकों की मदद से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बुधवार को 20 ओवर में तीन विकेट पर 220 रन का मजबूत स्कोर बना लिया लेकिन कोलकाता की टीम 19.1 ओवर में 202 रन पर सिमट गयी। चेन्नई की चार मैचों में यह तीसरी जीत रही जबकि कोलकाता को चार मैचों में तीसरी हार का सामना करना पड़ा।

डू प्लेसिस ने मात्र 60 गेंदों पर नाबाद 95 रन में नौ चौके और चार छक्के लगाए जबकि गायकवाड ने आईपीएल में अपना पांचवां अर्धशतक बनाया। गायकवाड ने 42 गेंदों पर 64 रन में छह चौके और दो छक्के लगाए। मोईन अली ने 12 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों के सहारे 25 रन बनाये। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी चौथे नंबर पर उतरे और मात्र आठ गेंदों पर 17 रन में दो चौके और एक छक्का लगाया। आलराउंडर रवींद्र जडेजा ने एक गेंद का सामना किया और इसी गेंद पर छक्का जड़ा।

डू प्लेसिस और गायकवाड ने ओपनिंग विकेट के लिए 115 रन जोड़े। डू प्लेसिस ने फिर मोईन के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। डू प्लेसिस ने इसके बाद धोनी के साथ तीसरे विकेट के लिए 38 रन जोड़े। उन्होंने जडेजा के साथ चौथे विकेट की अविजित साझेदारी में एक ओवर में 19 रन जोड़े।

कोलकाता की तरफसे उसके शीर्ष तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने चार ओवर में 58 रन लुटाये। कोलकाता के लिए वरुण चक्रवर्ती ने 27 रन, सुनील नारायण ने 34 रन और आंद्रे रसेल ने 27 रन देकर एक-एक विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता ने पॉवरप्ले में लड़खड़ाहट दिखाई और 5.2 ओवर में अपने पांच विकेट मात्र 31 रन पर गंवा दिए।

नजमुल हुसैन का नाबाद शतक, बंगलादेश का मजबूत स्कोर

पल्लेकेल (वार्ता)। नजमुल हुसैन शंटो (नाबाद 126) के शानदार शतक और उनकी तमीम इकबाल (90) के साथ दूसरे विकेट के लिए 144 रन तथा कप्तान मोमिनुल हक़ (नाबाद 64) के साथ तीसरे विकेट के लिए 150 रन की शतकीय साझेदारियों की बदौलत बंगलादेश ने श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को पहली पारी में दो विकेट पर 302 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। नजमुल ने अपने करियर का पहला शतक बनाया। उन्होंने 288 गेंदों की अपनी नाबाद पारी में 14 चौके और एक छक्का लगाया। ओपनर सैफ हसन के खाता खोले बिना पगबाधा हो जाने के बाद नजमुल ने तमीम के साथ बंगलादेश की पारी को संभाला। तमीम जब अपने शतक से 10 रन दूर थे कि विश्व फर्नांडो ने उन्हें आउट कर दिया। तमीम ने 101 गेंदों पर 90 रन में 15 चौके लगाए। नजमुल ने इसके बाद अपने कप्तान मोमिनुल के साथ एक और बड़ी साझेदारी की और अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

किरानाः होम डिलीवरी की तैयारी पूरी, अब नजर सप्लाई लाइन पर

- भरपूर स्टॉक वाले होलसेल काउंटर को रियायत की मांग

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। किराना सामान की आपूर्ति होम डिलीवरी से की जाएगी। सुपर मार्केट और किराना दुकानें तैयार हैं। ओवर रेट जैसी शिकायतें आने पर प्रशासन कभी भी कार्रवाई कर सकता है। चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की जिला इकाई भी ऐसी गतिविधियों पर नजर रखेगी।

लॉक डाउन का दसवां दिन पूरा हुआ। इसके पहले ही किराना सामान की कमी को देखते हुए राज्य सरकार ने जिलाधीशों को होम डिलीवरी की सुविधा दिए जाने की व्यवस्था के आदेश दिए थे। इसके बाद सुपर बाजार और किराना दुकानों ने तैयारी चालू कर दी थी। अधिकतर दुकानों ने अपने नियमित उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर पर मैसेज भेज कर, ना केवल सूचना दी थी बल्कि आर्डर भी मंगवा लिए थे। अब डिलीवरी के लिए समय का इंतजार है।

बुलाया कर्मचारियों को: 10 दिन से बंद सुपर बाजार और किराना दुकान संचालकों ने अपने स्टाफको कामकाज के नए तरीके की जानकारी देते हुए बुलवाना चालू कर दिया है। अब देखना यह है कि आदेश के बाद कितने स्टाफ काम पर लौटते हैं। एक और परेशानी सामने आ रही है कि डिलीवरी व्हीकल को पेट्रोल या डीजल कैसे मिलेगा? समस्या रखे जाने के बाद तैयारी समानांतर में जारी है।

नजर ओवर रेट पर भी

सीमित समय अवधि के बीच किए जाने के आदेश के बाद इस कारोबार में सबसे बड़ी शिकायत अधिक कीमत पर विक्रय की आ सकती है। खास तौर पर आटा, दाल, खाद्य तेल ,साबुन ,चाय पत्ती और शक्कर में ऐसी शिकायतों का आना निश्चित माना जा रहा है। लिहाजा इस पर नजर रखने की योजना तैयार है। जिला चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने भी अपने स्तर पर तैयारी की हुई है।

> रिटेल काउंटर तक खाद्य सामग्रियों की आसान पहुंच के लिए चुनिंदा होलसेल काउंटर को भी रियायत की मांग रखी गई है। ओवर रेट पर पूरी नजर रखेंगे।
>
> **– गिरधर गोविंदानी,** उपाध्यक्ष, चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, बलौदा बाजार

सप्लाई लाइन वीकः सुपर बाजार और किराना दुकानों के सामने कमजोर आपूर्ति ,आने वाले दिनों में संकट का कारण बन सकती है। फिलहाल रिटेल काउंटर में सामान की मात्रा, लगभग दो सप्ताह की मांग को ही पूरा करने की क्षमता रखती है। आगे के दिन कैसे रहेंगे? यह सवाल ,होलसेल मार्केट की सप्लाई तक बना रहेगा, जिसे छूट को लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया है।

न्यूज गैलरी

खुला ट्रेजरी का ताला, आई तनख्वाह और अनुग्रह राशि

खबर का असर

भाटापारा। टीचरों का बकाया वेतन और अनुग्रह राशि का मिलना चालू हो चुका है। कलेक्टर के आदेश के बाद ट्रेजरी में लगा ताला खोलकर इस काम के किए जाने से अर्थ संकट का सामना कर रहे टीचरों को बड़ी राहत मिली है।मार्च माह की सैलरी रोके जाने के बाद शिक्षक समुदाय भारी अर्थ संकट का सामना कर रहा था। इसकी गुहार पहुंचने के बाद कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान में लिया और ट्रेजरी अधिकारियों को इस काम को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के आदेश दिए।

दोनों राशि एक साथः मार्च माह का बकाया वेतन और अनुग्रह राशि शिक्षकों के खाते में आने के बाद शिक्षक समुदाय ने इसके लिए कलेक्टर का आभार माना है और कहा है कि पैसों की कमी से सांसत में आ चुके परिवार को बड़ी राहत मिलेगी। टीचरों ने उम्मीद जताई है कि कोरोना ड्यूटी निभा रहे टीचरों को कोरोना वारियर्स के रूप में मान्यता दिए जाने की और भी सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

आदित्य अस्पताल के मनमर्जी चार्ज का भाजयुमो ने किया विरोध

महासमुंद नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नगर के आदित्य अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर गरीब मरीजो से वसूले जा रहे मनमर्जी चार्ज का विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने पोस्टर लहराया, जिसमे शासन से निर्धारित चार्ज लेने की मांग की, अवैध वसूली बन्द करने की मांग की, लूट खसोट नहीं सहेंगे का नारा लिखा था। करीब आधे घण्टे के प्रदर्शन के बाद युवा मोर्चा कार्यकर्ता सीएमएचओ दफ्तर पहुँचे और आदित्य हॉस्पिटल की मनमानी की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंडपे ने उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया, साथ ही यह भी कहा कि अस्पताल प्रबंधन ने जिस जिस मरीजो से अधिक चार्ज वसूला है, सभी बिल की छायाप्रति लगाकर सीएमएचओ दफ्तर में आवेदन करें, पूरा प्रयास रहेगा कि उनसे वसूला गया अतिरिक्त रकम वापस कराया जाएगा। साथ ही दोबारा ऐसा न हो, इस पर भी कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन के दौरान कोविड गाइडलाइन और जिले में प्रभावशील धारा 144 का पालन करते हुए नरेश नायक, जगन्नाथ छुरा और नवीन यादव मौजूद रहे। युवा नेताओ ने बताया कि कोई भी निजी अस्पताल प्रबंधन मरीजो से मनमाना चार्ज वसूलेगा, तो भाजयुमो इसका विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि शासन ने जो दर निर्धारित की है, सभी निजी अस्पताल इसी दायरे में चार्ज वसूलें।

सीईओ ने किया साल्हेतराई और भस्करापाली के क्वारेंटाईन सेंटर का निरीक्षण

महासमुंद नवप्रदेश। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद आकाश छिकारा ने बुधवार को जनपद पंचायत पिथौरा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खुर्सीपहार के आश्रित ग्राम साल्हेतराई स्थित क्वारेंटाइन सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री छिकारा ने क्वारेंटाइन सेंटर में रुके हुए प्रवासी श्रमिको से चर्चा कर भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य परीक्षण एवं खाना बनाने की व्यवस्था के सम्बंध में जानकारी ली। प्रवासी श्रमिको द्वारा ग्राम पंचायत के द्वारा चावल, दाल, सब्जी,जलाऊ लकड़ी की उपलब्धता बताते हुए क्वारेंटाइन सेंटर में समुचित व्यवस्था एवं स्वास्थ्य जांच होना बताया गया जिस पर श्री छिकारा द्वारा सन्तोष व्यक्त किया गया एवं ग्राम पंचायत के सरपंच एवम सचिव को निर्देश दिया गया कि क्वारेंटाईन सेंटर के बाहर जरूरी ब्यौरों का दीवार पर लेखन करवाया जाये ताकि संबंधितो को पर्याप्त जानकारी उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के साथ अनुविभागिय अधिकारी (राजस्व) पिथौरा राकेश कुमार गोलछा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पिथौरा प्रदीप प्रधान एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मवेशियों का पेट भरने ग्रामीण कर रहे गाइडलाइन का उल्लघन

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। साहब हम और आप तो किसी तरह इस लॉकडाउन में दाल रोटी सहित अन्य खाद्य सामग्री का जुगाड़ कर अपना और अपने परिवार का पेट भर लेते हैं। लेकिन यह बेजुबान भेड़ बकरी सहित मवेशियों का पेट किस तरह भरा जाए। इसलिए लॉकडाउन के नियम को तोड़ कर भी इन मवेशियों को चराने के लिए मजबूर है। उक्त बातें आम मवेशी चरवाह द्वारा कहा जाता है। जो लॉकडाउन के दौरान बिना गाइडलाइन एवं बिना कोरेना की परवाह किए बिना भेड़ बकरी का पेट भरने के लिए खेत खलियान सहित सड़क किनारे नजर आते हैं। क्योंकि ब्लॉक के सभी गौठान पर लगभग ताला लटका हुआ है ।ऐसे में 8000 से ज्यादा वाम वंशी और गाय बंसी के अलावा हजारों भेड़ बकरियों के लिए चारा का इंतजाम किस तरह किया जा सकता है। और ऐसी परिस्थिति भी नहीं है। कि घर पर रहकर इन मवेशियों का व्यवस्था हों यही वजह है ।कि छोटे-छोटे बच्चों सहित उम्रदराज चरवाहा भी घर पर बंद रहने की जगह बाहर मवेशियों को चराने के लिए मजबूर दिखाई पड़ रहे हैं। जिन्हें देख कर भी अनदेखा करना जिम्मेदारों की मजबूरी बन गया है। क्योंकि इसके अलावा चरवाहा लोगों के पास दूसरा विकल्प नहीं है ।हालांकि गौठान में मवेशियों के लिए चारा की समुचित व्यवस्था किया जाए तो काफी हद तक चरवाहों को राहत मिल सकता है। लेकिन इसकी जिम्मेदारी भी किसे सौंपा जाए क्योंकि ग्राम पंचायत सचिव को वैक्सीन टीका में ड्यूटी लगाई गई है ।तो वही जनपद मनरेगा के स्टाफको कोविड केयर सेंटर का दायित्व सौंपा गया है ।ऐसे में किस तरह हजारो मवेशियों के लिए दाना पानी इंतजाम किया जा सकता है। इस बीच गौठान पर 8000 से अधिक मवेशियों के लिए चारा का व्यवस्था नहीं होना सैकड़ों चरवाह यह जिंदगी को खतरे में डालने के समान माना जाता है ।

कोरोना के बढ़ते संक्रमण से राज्य का बुरा हाल, सौंपा ज्ञापन

- ब्लाक मुख्यालय में एस डी एम को सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। राज्य में बढ़ रहे कोरोना मरीज़ की संख्या एवं राज्य सरकार की लचर असंवेदनशील व्यवस्था को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा ज़िले के चारों ब्लाक मुख्यालय में ज्ञापन सौंपा गया, जिलाध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ कोरोना संक्रमण में देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। वैश्विक महामारी कोरोना आज छत्तीसगढ़ में भयंकरतम रूप ले चुका है संक्रमितों की संख्या क़रीब छह लाख पहुँच रही है, लोग सड़कों पर मर रहे हैं आज की स्थिति में अस्पताल तो दूर की बात है मर्च्युरी में शव रखने के लिए स्थान उपलब्ध नहीं है।

उन्होंने बताया की भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय डा रमन सिंह जी द्वारा कवर्धा जिले में आवश्यकतानुसार अस्पतालों में एवं जरूरत मंद लोगो को आक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध करा रहें है।

राज्य के मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री की गुटबाज़ी ऐसे समय में लोगों की जान पर आफ़त बनी हुई है राज्य सरकार का कुप्रबंधन,भ्रष्टाचार,राजनीतिक दुराग्रह एवं तानाशाही रवैया ही आज छत्तीसगढ़ की जनता के लिए आफ़त बनी हुई है अपनी राजनीतिक महत्वकांक्षा साधने के लिए भारतीय टीके को बदनाम करने का जो पाप कांग्रेस ने किया है उसके लिए राज्य की जनता उसे कभी माफ़ नहीं करेगी यदि कांग्रेस सरकार द्वारा भारतीय टीके के सम्बन्ध में संबंध लोगों में अविश्वास नहीं फैलाया जाता तो स्थिति आज कुछ और होती।

आज अव्यवस्था का आलम कुछ ऐसा है कि क्वारेंटीन सेंटर में एवं अस्पताल में मरीज़ों को खाना तो दूर पानी तक की उपलब्धता नहीं हो पा रही है, कांग्रेस की यह सरकार कोरोना महामारी को भ्रष्टाचार की एक अवसर के रूप में देख रही है भ्रष्टाचार की पराकाष्ठ यह है कि बड़े सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर को घटिया मास्क एवं पी पी ई किट उपलब्ध करा रही है जिसके कारण डॉक्टरों को हड़ताल तक करना पड़ रहा है।

कोरोना और कुपोषण को हराने मैदान में उतरी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर में बडे बुजुर्गों को कोरोना वैक्सिनेशन के लिए कर रहे प्रेरित, साथ में दे रहे बच्चों को पौष्टिक आहार
- कबीरधाम जिले में 95 हजार हितग्राहियों को घर पर पहुंचा कर दिया गया रेडी टू ईट

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कोविड-19 कोरोना वायरस के दूसरे लहर के संक्रमण को रोकने और राज्य शासन द्वारा जारी कुपोषण के खिलाफअभियान को एक साथ चलाते हुए कबीरधाम जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका मैदान में उतर गई है। इन आंगनबाड़ी अमलो द्वारा आंगनबाड़ी में दर्ज बच्चों के घर पहुंच बच्चों में कुपोषण से लड़ने की क्षमता विकसित करने वाले पौष्टिक आहार रेडीटूईट वितरण किया जा रहा है। वही घर-घर पहुंचकर बच्चों के माता-पिता और घर के बुजुर्गो से भेंट कर कोविड-19 कोरोना वायरस के दूसरे लहर के संक्रमण को रोकने और कोरोना वैक्सिनेशन कराने के लिए भी प्रेरित कर रहे है। आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा डोर-टू-डोर घर पहुंच यह भी समझाया जा रहा है कि कोरोना और कुपोषण के खिलाफ जारी लड़ाई में सहयोग करे। बच्चों को पौष्टिक आहार रेडीटूईट का सेवन कराए और घर से बड़े बुजुर्ग अनावश्यक घर से बाहर ना निकले। घर के सभी सदस्य कोरोना वैक्सिनेशन जरूरी कराए। घर से बाहर निकले समय समाजिक-भीड़ वाली जगहों में जाने से बचे और मास्क लगाकर ही घर से बाहर निकले। वेक्सिनेशन के बाद भी सामाजिक दूरी का पालन करे। सर्दी-खासी, बुखार,सिर दर्द होने पर अपने पास के स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर कोरोना को परीक्षण कराए। चिकित्सकों के परामर्शनुसार दवाइयों को सेवन करे।

कबीरधाम जिले के 1685 आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के द्वारा हितग्राहियों के घर- घर पहुंच कर उन्हें रेडी टू ईट का वितरण और कोरोना से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिले में 95 हजार ऐसे हितग्राही हैं, जिन्हें घर पर ही रेडी टू ईट पहुंचा कर दिया गया है। रेडी टू ईट के तहत ऐसे पोषण आहार हितग्राहियों को दिए जाते हैं जो कैलोरी और प्रोटीन से भरपूर हैं और इन्हें तुरंत बना कर आसानी से खाया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में कोविड 19 कोरोना वायरस के दूसरे लहर के रोकथाम और नियंत्रण के लिए अपनाए गए प्रयासों की अवधि हितग्राहियों को घर तक पहुंचा कर इसका वितरण किया जा रहा है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आनन्द कुमार तिवारी ने बताया कि इसके लिए गवर्नमेंट ऑफ इंडिया भारत सरकार के पोषण ऐप के माध्यम से ट्रैकिंग का कार्य भी किया जा रहा है। जिले में पोषण अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं, शिशुवती महिलाओं, 6 माह से 6 वर्ष तक के आयु के बच्चों तथा किशोरी बालक और बालिकाओं को रेडी टू ईट का

हर गांव, हर घर सेनेटाइज अभियान

- बेमेतरा विधानसभा के शहर के वार्डों व गांवो को किया जा रहा सेनेटाइज - योगेश तिवारी

बेमेतरा। किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि आज ÷हर गांव, हर घर सेनेटाइज अभियान अंतर्गत शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों को सेनोटाईज किया गया। आज बेमेतरा विधानसभा शहर टीम नं 1 पीयूष शर्मा, अमन शर्मा, राजा यादव, विक्की चौबे के नेतृत्व में वार्ड नंबर 7 नवीन स्कूल के पीछे, बैंक कॉलोनी, निर्वाणी गली, शांति विहार कॉलोनी, वार्ड नं. 5 अटल आवास कॉलोनी, पांडे तालाब के पीछे, पुलिस कॉलोनी, थाना में सेनोटाईजर किया गया, टीम नं. 2 झलमला, करही, कठियाा, राका, बड़े रांका जीवन गायकवाड़, भुनेशवरी टंडन, राजकुमार कुरे और टीम नं. 3 गोडगिरी, तिलई, करेली, मोहरेगा, चंडी, बोरया, घाटीया कला, पेण्ड्रीतरई, मुड़पार, कोकड़ी, हरदी, माटरा, गोता, कंदाई, खजरी, मोहलाई, टटिया, बिरोदाडूंडा, लखन चक्रघारी, तेजराम निर्मलकर, दिनेश सांरग के नेतृत्व में टीम 4 आज संडी, बैजलपुर, डंगनिया ब, बहेरघट, नवागांव, बहिंगा अरूण कुमार साहू, पदुमलाल यादव, मुरली साहू, पुरन लाल साहू के नेतृत्व में सेनोटाईजर किया और करोना महामारी को रोकने का एक प्रयास हैं। अपने अधिकारों के लिए संघर्ष के साथ इस अभियान की शुरुआत करने के साथ कोरोना महामारी सिद्धी माता के मन्दिर में पुजा अर्चना कर सभी लोग स्वस्थ्य और सुरक्षित रहने का आशीर्वाद मांगा। सभी को लांकडाऊन के नियमों का पालन करें।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

केन्द्र सरकार ने लागू...

प्रदेश में स्थित हैं, वहीं के अस्पतालों को जीवन रक्षक गैस की आपूर्ति करेंगे। आदेश के अनुसार, शहरों में बिना किसी समय सीमा की पाबंदी के ऑक्सीजन परिवहन में शामिल वाहनों के आने-जाने की आजादी होनी चाहिए और उन्हें बिना किसी रोक-टोक के शहरों के बीच आवाजाही करने दी जाए। बेगूसराय में जल्द दूर होगी ऑक्सीजन की किल्लत, रिफिलिंग प्लांट की भी जल्द शुरुआत उसमें कहा गया है कि कोई भी प्राधिकार उसके जिले या क्षेत्र से होकर गुजरने वाले या किसी जिले या क्षेत्र में आपूर्ति करने वाले ऑक्सीजन परिवहन वाहन को जब्त ना करे। निर्देशों के अनुसार, सरकार ने जिन 9 उद्योगों को छूट दी है, उनके अलावा 22 अप्रैल, 2021 से अगले आदेश तक सभी उद्योगों को इंडस्ट्रियल ऑक्सीजन की आपूर्ति बंद की जाती है। समय में बदली गई योजना का पालन करें।

राष्ट्रीय आपातकाल जैसे..

की प्रक्रिया और लॉकडाउन लगाने का अधिकार सिर्फ राज्य सरकार को हो, कोर्ट को नहीं...इनपर जवाब दे।

केन्द्र एवं राज्य सरकारों..

नागरिकों के लिये वैक्सीन की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क की जायेगी। बड़े पैमाने पर वैक्सीनेशन कार्यक्रम संचालित करने हेतु वृहद कार्य योजना तैयार करना आवश्यक है। 1 मई 2021 आने में 9 दिनों से भी कम समय शेष है। अतः भारत सरकार की ओर से राज्य को माहवार प्रदाय की जाने वाली वैक्सीन की संख्या, सीरम इन्स्टीट्यूट एवं भारत बायोटेक द्वारा राज्य को माहवार उपलब्ध करायी जाने वाली वैक्सीन की अनुमानित संख्या, सीरम इन्स्टीट्यूट एवं भारत बायोटेक द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार को उपलब्ध करायी जाने वाली वैक्सीन की दरों के संबंध में भारत सरकार से त्वरित जानकारी अपेक्षित है।

श्रिती ने पलारी से..

दिखा रही हैं। श्रिति की कंपनी एमपी की राजधानी भोपाल में भी इस तकनीक से कई आंगनवाड़ी केंद्र तैयार कर रही हैं। पटना में कोविड अस्पताल का निर्माण 6,500 स्क्वायर फीट में हुआ है। इसमें पूरी तरह से ग्रीन मटरियल का इस्तेमाल हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार श्रिति पांडे के पिता गोरखपुर में ही रहते हैं। मंकेश्वर पांडेय महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के महाप्रबंधक हैं। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा है कि श्रिति गोरखपुर में भी एक प्लांट लगाएगी। पीएम आवास योजना के तहत वह मॉडल हाउस तैयार की थी।

सोनिया का पीएम मोदी..

डोज, प्राइवेट अस्पताल को 600 रुपये प्रति डोज और और केंद्र सरकार को 150 रुपये प्रति डोज के हिसाब से वैक्सीन दी जाएगी। पीएम मोदी को लिखे पत्र में सोनिया ने सवाल उठाया है कि वैक्सीन के अधिक दामों से राज्य सरकारों पर दबाव बढ़ेगा और आम आदमी को वैक्सीन के लिए अधिक पैसा देना होगा। ऐसे में एक ही वैक्सीन निर्माता तीन तरह के रेट कैसे तय कर सकता है। सोनिया ने पत्र में आगे लिखा है कि- कांग्रेस ने पहले ही इसकी मांग की है कि इस नीति का पुनर्मूल्यांकन किया जाए। निश्चित तौर पर कोई भी समझदार व्यक्ति टीकाकरण के लिए एक समान कीमत से होने वाले लाभ से सहमत होगा।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)

// शुद्धि पत्र //

इस कार्यालय की निम्नलिखित आमंत्रित निवादाओं में कोविड-19 के अतिक्रमण होने के कारण लगे लॉकडाउन को ध्यान में रखकर समय-सारिणी में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

क्र.	निविदा क्रमांक/सिस्टम क्रमांक	दिनांक	Bid Due Date		physical Submission End Date		Bid Open Date for Envelope "A" & "B" (Scheduled)	
			पूर्व निर्धारित तिथि	संशोधित तिथि तिथि तिथि	पूर्व निर्धारित	संशोधित तिथि	पूर्व निर्धारित	संशोधित तिथि
1	100/72667, 102/72669, 104/72671, 105/72672 108/72675	03.03.2021	13.04.2021	03.05.2021	23.04.2021	05.05.2021	27.04.2021	07.05.2021
2	109/72676, 110/72677	03.03.2021	19.04.2021	04.05.2021	22.04.2021	06.05.2021	26.04.2021	10.05.2021
3	117/72939, 119/72941, 120/72943, 121/72969 123/72972	06.03.2021	13.04.2021	03.05.2021	23.04.2021	05.05.2021	27.04.2021	07.05.2021
4	140/73083	08.03.2021	26.04.2021	10.05.2021	29.04.2021	12.05.2021	01.05.2021	18.05.2021
5	152/73206, 152/73207, 156/73210, 161/73215 163/73217, 164/73218, 165/73219, 166/73220 169/73223, 172/73345, 174/73347, 175/63348 176/73349, 177/73351, 178/73352, 179/73353 182/73357, 18473359, 185/73360, 189/73364	09.03.2021	28.04.2021	12.05.2021	03.05.2021	17.05.2021	06.05.2021	21.05.2021
6	191 To 198/73443, 73445 to 73451	10.03.2021	10.04.2021	01.05.2021	23.04.2021	03.05.2021	27.04.2021	05.05.2021
7	199 To 238/73452 to 73467, 73469 to 73473 73475 to 73490, 73492 to 73494	10.03.2021	13.04.2021	03.05.2021	23.04.2021	05.05.2021	27.04.2021	07.05.2021
8	239 to 248/74353 to 74362	18.03.2021	24.04.2021	07.05.2021	27.04.2021	11.05.2021	30.04.2021	17.05.2021
9	249 to 258/74418 to 74427	19.03.2021	26.04.2021	10.05.2021	29.04.2021	12.05.2021	01.05.2021	18.05.2021
10	159 to 268/74476, 74478 to 74484, 74486, 74487	20.03.2021	27.04.2021	11.05.2021	30.04.2021	13.05.2021	03.05.2021	19.05.2021
11	269 to 278/74519 to 74528	21.03.2021	28.04.2021	12.05.2021	03.05.2021	17.05.2021	06.05.2021	21.05.2021
12	279 to 288/74578 to 74581, 74583 to 74588	22.03.2021	29.04.2021	13.05.2021	03.05.2021	18.05.2021	06.05.2021	22.05.2021
13	289 to 298/74644 to 74653	23.03.2021	19.04.2021	04.05.2021	23.04.2021	06.05.2021	27.04.2021	10.05.2021
14	299 to 308/74753 to 74762	24.03.2021	22.04.2021	05.05.2021	24.04.2021	07.05.2021	28.04.2021	11.05.2021
15	309 TO 318/74849 to 74858	25.03.2021	23.04.2021	06.05.2021	26.04.2021	10.05.2021	29.04.2021	13.05.2021
16	319 to 328/74920, 74922 to 74930	26.03.2021	24.04.2021	07.05.2021	27.04.2021	11.05.2021	30.04.2021	17.05.2021
17	329 to 336/75015, 75018, 75019, 75021, 75022, 75024, 75026, 75027	27.03.2021	26.04.2021	10.05.2021	29.04.2021	12.05.2021	03.05.2021	18.05.2021
18	02 to 05/75732, 75739 to 75741	05.04.2021	28.04.2021	12.05.2021	03.05.2021	17.05.2021	06.05.2021	21.05.2021

G-60313/6

Executive Engineer
Public Health Engg.Division
Rajnandgaon (C.G.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

रामनवमी पर श्री रामजानकी मंदिर हरदीभाठा मे विशेष पूजा अर्चना

मैनपुर। मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम हरदीभाठा मे स्थित क्षेत्र के एकमात्र श्री रामजानकी मंदिर मे आज बुधवार को श्री राम जन्मोत्सव रामनवमी का पर्व विशेष पूजा अर्चना कर सौहाद्र पूर्ण तरीके से मनाया गया। इस वर्ष कोरोना के कारण किसी भी प्रकार का जुलूस रैली कार्यक्रम का आयोजन नही किया गया । जिला प्रशासन द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए लॉकडाउन धारा 144 लागू है एवं सभी प्रकार के सांस्कृतिक, राजनीतिक व धार्मिक आयोजन पर प्रतिबंध लगाया गया है जिसको ध्यान मे रखते हुए श्री रामसेना हिन्दु संगठन मैनपुर द्वारा आज रामनवमी के अवसर पर शांति सौहाद्र पूर्ण ढंग से श्री रामजानकी मंदिर में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम की विधिवत पूजा अर्चना कर सुख शांति समृध्दि की कामना किया गया। राम जन्मोत्सव के अवसर पर श्री रामसेना द्वारा मंदिर में भीड़ भाड़ नही करने एवं घरो मे ही श्री रामचन्द्र की पूजा अर्चना करने दीप प्रज्जवलित करने अपील किया गया था जिसके फलस्वरूप मंदिर मे आज भीड़ पूरी तरह नदारद रही। वहीं मंदिर के पुजारी चुम्मन प्रसाद पाण्डेय व नंद किशोर चैबे द्वारा भक्तो को सोशल डिस्टेंस रखते हुए पूजा अर्चना करवाया गया। श्री रामसेना हिन्दु संगठन के अध्यक्ष रूपेश साहू ने बताया कि कोरोना महामारी के प्रकोप को देखते हुए मंदिर मे इस वर्ष भीड़ करने मनाही किया गया था जिसमें आये हुए भक्तो नें शारीरिक दूरी का पालन करते हुए बारी बारी से मंदिर मे पूजा अर्चना कर शासन के नियमो का पालन किये।

शादी का झांसा देकर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

खरोरा। थाना खरोरा अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र की 14 वर्षीया बालिका 19/03/21 को लापता हो गयी थी। पुलिस द्वारा अपराध पंजिबध्द कर बालिका की तलाश की जा रही थी। अपहृत बालिका को कल दिनाँक 20/04/21 को बरामद किया गया, महिला अधिकारी के समक्ष दिए बयान में बालिका द्वारा बताया गया कि मुकेश बर्मन द्वारा शादी का झांसा दे कर उसे भगा ले गया था व साथ रखकर अनाचार किया गया। बालिका के कथन के आधार पर आरोपी की पता तलाश की गई जिसे आज गिरफ्तार किया गया। मामले के आरोपी मुकेश बर्मन पिता जयकुमार बर्मन, आयु 20 वर्ष निवासी ग्राम कोडापार को थाना खरोरा के अपराध क्रमांक 125/21 धारा 363, 366, 376आईपीसी 6श्चट्टष्ह्यश एक्ट तहत गिरफ्तार कर न्यायीय हिरासत में जेल भेजा गया।

स्काउटगाइड अभय साहस का परिचय देते हुए जुटे सेवा कार्य में

खरोरा। आज दिनांक 22 अप्रैल 2021 को आदरणीय श्री सुरेश शुक्ला जी जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला रायपुर एवं श्री अशोक नारायण बंजारा जी जिला आयुक्त स्काउट एवं जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर के सोच के अनुरूप उनके दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में भरत देवांगन शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खरोरा की गाइड रेणुका देवांगन एवं स्काउट नीरज तिवारी ने अपने स्काउट गाइड प्रभारी सुश्री शाहिना परवीन जिला प्रशिक्षण है गाइड के अगुवाई में ग्राम पंचायत खरोरा के वार्डो में बैनर पोस्टर निर्माण कर करोना जागरूकता एवं टीकाकरण के प्रति लोगों को भ्रांति को दूर करने की चेतना भरी संदेश बनाकर दीवारों में चस्पा कर जागरूकता फैलाने की अहम कदम उठाया गया जिससे लोगों में टीकाकरण के लिए जागरूकता फैल रही है एवं साथ ही साथ भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए स्वतः चलित प्याऊ घर निर्माण कर पेड़ के छांव पर मटकी व मग की व्यवस्था कर लोगों की प्यास बुझाने की पावन कार्य किया जा रहा है इनकी यह अनोखी पहल के लिए माननीय श्री सत्यनारायण शर्मा जी उपाध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स नई दिल्ली एवं वरिष्ठ विधायक व पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन माननीय ,श्री विनोद सेवालाल चंद्राकर जी राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ एवं संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन , श्री कैलाश सोनी जी राज्य सचिव भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, श्री जी स्वामी जी जिला अध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ रायपुर ,श्री मृत्युंजय शुक्ला जी जिला सचिव भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर एवं अन्य पदाधिकारियों ने इस पुनीत कार्य के लिए खरोरा स्कूल के प्रभारी के साथ स्काउट गाइड को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

रामनवमी पर देश वासियों को बधाई

खरोरा। चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी तिथि को प्राक्ट्य दिवस श्रीराम नवमी पर श्रीरामकृष्ण मानस परिवार एवं लीला मंडली बंगोली ने सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई ,शुभकामनाएं देते हुए कोरोना संक्रमण वायरस से देशवासियों को भय मुक्त व लड़ने की शक्ति प्रदान करने मर्यादापुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र जी से प्रार्थना कर बधाई दी । मानस परिवार के सदस्य अध्यक्ष जीडी मानिकपुरी, धनसिंग धीवर,बल्लू सेन,दौलत धुरंधर,सुरेश नायक, दाऊलाल नायक, रामगोपाल नायक, रामभुवन नायक टकेश्वर धीवर, राजेंद्रवर्मा(शिक्षक), पोषण(चिंटू) वर्मा,जयंत कंडरा,कमलनारायण नायक, कौशल धीवर,बोधन धीवर,डोमन धीवर ,जीतेंद्र सेन,विजय वर्मा, जगदेव राम कंडरा सहित समस्त मानस व लीला परिवार ने बधाई दी है।

राजनेता राजनीति छोड़ मानवता का परिचय दें : डॉ ममता साहू

खरोरा। अभी कोरोना से लोग त्रस्त है केंद्र सरकार रेमडेसीविर इंजेक्शन का सप्लाई कर रही है, लेकिन लोग कतार में खड़े हैं और छत्तीसगढ़ में रेमडेसीविर इंजेक्शन मिल नहीं रहा है। सरकारी हॉस्पिटल हो या प्राइवेट वहाँ के डॉक्टर मना कर रहे हैं कि हमारे पास रेमडेसीविर इंजेक्शन नहीं है, आप बाहर से लाइये क्यों? जब सरकार ने आपको इंजेक्शन दिया है तो मरीज बाहर से क्यों लाएंगे ये इंजेक्शन ?और मरीजों के लिए जो इंजेक्शन दे रहे हैं उसे अवैध ढंग से बाहर बेच दिया जाता है आज रेमडेसीवीर का एक एक इंजेक्शन 15000 से लेकर ?16000 तक में बिक रहा है, क्यों? क्योंकि हॉस्पिटल वाले इसमें भी पैसे कमाने की सोच रहे हैं, जितनी सप्लाई हो रही है उसको अवैध रूप से बाहर बेचा जा रहा है और गलत ढंग से शो किया जा रहा है कि इतने मरीजों को दिया गया जो कि गलत आंकड़े हैं और इस तरह से कालाबाजारी कर रहे हैं । आज मानवता तार-तार हो चुकी है आए दिन पेपर में पढ़ रहे हैं कि कहीं डॉक्टर, नर्स, स्वास्थ्य कर्मी इंजेक्शन को बेचते हुए पकड़ा गए हैं राज्य सरकार इस को चाहती तो नियंत्रण में कर सकती थी, इस तरह से रेमदेसीविर इंजेक्शन का अभाव नहीं होता लेकिन यह कालाबाजारी सिर्फऔर सिर्फपैसों के लिए हो रही है इंसान की जिंदगी का कोई मूल्य नहीं रहा पैसा ही भगवान हो गया है,और भारत के लोगों में एक परंपरा रही है स्टॉक करने की। सबके मन में डर है कि भविष्य में ऑक्सीजन नहीं मिलेगा तो ऑक्सीजन सिलेंडर को स्टॉक करके रख रहे हैं उसी तरह बड़े उद्योगपति करोड़पति लोग रेमडेसीविर इंजेक्शन को स्टॉक में करके रख रहे हैं कि भविष्य में बीमार हो जाय तो इस इंजेक्शन की जरूरत पड़ जाए और यही स्टॉक करने की वजह से आज की स्थिति बद से बदतर हो गई है।

गुंडरदेही क्षेत्र के लोगों को ऑक्सीजन की कमी नहीं होगी

बहुत जल्द प्रशासनिक सहयोग एवं नगर पंचायत के सहयोग से 50 ऑक्सीजन बिस्तर की मिलेंगा सुविधा : एसडीएम

नवप्रदेश संवाददाता

गुंडरदेही। ब्लॉक गुंडरदेही के ग्राम खल्लारी आईटीआई में जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन के द्वारा बनाया गया 60 बिस्तर क्वारंटाइन सेंटर को अब आईटीआई के ऊपर हिस्से में प्रशासनिक सहयोग से 50 बेड ऑक्सीजन बेड बनाने की तैयारी चल रही है ।

गुंडरदेही एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल के प्रयास से खलारी में 60 बेड का आइसोलेसन सेंटर तो है पर आईटीआई के ऊपर मंजिल पर अलग से प्रशासनिक सहयोग से 50 बेड का ऑक्सीजन युक्त सुविधा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल ने आगे कहा कि संक्रमण के बढ़ते ग्राफको देखकर गुंडरदेही के अधिकारी कर्मचारी मिलकर 50 बेड के ऑक्सीजन युक्त अस्पताल अस्थाई रूप से बनाने की तैयारी कर रहे है।गुंडरदेही में ऑक्सीजन सुविधा नहीं होने से पीड़ित मरीजों को जिला मुख्यालय व दूसरे जिला में जाना पड़ता था अब गुंडरदेही में मिलेंगा सुविधा।

तहसीलदार अश्वन कुमार पूसाम ने कहा की खलारी आइसोलेट सेंटर में 50 सीट ऑक्सीजन बेड बनाने को लेकर, सचिव संघ ,पटवारी संघ ,व्यापारी संघ एवं गुंडरदेही के प्रशासनिक अधिकारियों के प्रयास से बहुत जल्द क्षेत्रवासियों को ऑक्सीजन युक्त सुविधा मिलेंगा

नगर पंचायत के सीएमओ जय करुणाकरण देव ने कहा की खलारी में अभी भी हम टैंकरों के माध्यम से पानी मरीजों को उपलब्ध करा रहे है अभी एसडीएम के आदेश एवं उनके प्रयास से 60 बेड आइसोलेशन सेंटर तो है पर प्रशासनिक सहयोग से 50 बेड और ऑक्सीजन सुविधा देने नगर पंचायत के फंड का कुछ उपयोग करेंगे क्योंकि इस भयानक महामारी से जंग जीतना बहुत जरूरी है। अब हमारे गुंडरदेही क्षेत्रवासियों को ऑक्सीजन के लिए इधर उधर भटकने का जरूरत नहीं होगा बहुत जल्द लोगों को ऑक्सीजन उपलब्ध कराएंगे।

संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद ने कहा इस भयानक कोरोना महामारी का सभी के सहयोग से मुकाबला किया जा सकता है आर्थिक सहयोग बहुत जरूरी है ।अधिकारियों के प्रयास को मैं सलाम करता हूं कि आज इन्होंने कुछ योजना बनाकर क्षेत्र के लोगों को ऑक्सीजन उपलब्ध कराने एक विशेष प्रयास कर रहे हैं। ऐसे अधिकारियों का करेंगे हम सम्मान क्षेत्रवासियों को अधिकारियों के जन सहयोग व प्रयास से मिलेगा सुविधा।

प्रमोद जैन वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा प्रशासनिक अधिकारी इस महामारी में मिसाल पेश कर रहे हैं इसके लिए हर व्यक्ति को आगे आने की जरूरत है सामाजिक संगठन अधिकारी कर्मचारी एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान भी इस पर सहयोग कर रहे हैं। आगे सक्षम व्यक्तियो को इस योजना को सफल बनाने में सहयोग की अपील करता हूं।

भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री अश्वनी यादव ने कहा अधिकारियों का प्रयास बहुत अच्छा है। पर ऑक्सीजन बेड जहां है उस जगह पर डॉक्टर की सतत निगरानी बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग स्टाफ की पर्याप्त व्यवस्था की जरूरत है।

एंबुलेंस को मिली ऑक्सीजन

नवप्रदेश संवाददाता

संजीवनी 108 बिना ऑक्सीजन दौड़ रही , जान का खतरा

खबर का असर

बालोद। जिलेभर की अस्पतालों में आपातकालीन सेवा के लिए तैनात संजीवनी एक्सप्रेस 108 की गाड़ियों में ऑक्सीजन सिलेंडर खत्म होने की शिकायतें सामने आ रही थी इस संबंध में हमने प्रमुखता से खबर भी प्रकाशित की। जिस के तत्काल बाद संबंधित कंपनी अलर्ट हुई और जहां-जहां भी ऑक्सीजन खत्म होने की शिकायत थी वहां त्वरित कार्रवाई करते हुए सिलेंडर की व्यवस्था की गई। तब जाकर संजीवनी एक्सप्रेस ऑक्सीजन से लैस हुई। ज्ञात हो कि ऑक्सीजन सिलेंडर खत्म होने से मरीजों को अस्पताल पहुंचाने वाले इस एंबुलेंस में हमेशा जान का खतरा बना रहता था। खासतौर से कोरोना व अन्य संदिग्ध मरीजों को अस्पताल तक लाने ले जाने के दौरान ऑक्सीजन की बहुत जरूरत पड़ती थी पर जहां अस्पताल में ऑक्सीजन की सप्लाई प्रभावित थी तो वहीं एंबुलेंस में भी ऑक्सीजन रिफलिंग नहीं हो पा रहा था। नतीजन एक के बाद एक जिले के अलग-अलग अस्पतालों के एंबुलेंस के ऑक्सीजन खत्म हो रहे थे और स्थिति खराब होती जा रही थी जिसको लेकर हमने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की जिसके बाद संजीवनी 108 से जुड़े हुए संबंधित अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया व ऑक्सीजन सिलेंडर का इंतजाम किया। अब बालोद जिला अस्पताल के 108 सहित जहां-जहां भी ऑक्सीजन सिलेंडर ना होने के बात आ रही थी वहां ऑक्सीजन सिलेंडर का इंतजाम हो गया है संजीवनी 108 सेवा के डीएम अविनाश पांडे ने कहा कि ऑक्सीजन की सप्लाई में दिक्कत आ रही थी मामला संज्ञान में आने के बाद हमने तत्काल व्यवस्था करवा दी है। सभी जगह जहां जहां पर ऑक्सीजन की कमी थी वहां आपूर्ति की जा रही है अब कोई दिक्कत नहीं है।

इसलिए भी हो रही थी ज्यादा खपत

विभागीय सूत्रों की माने तो एंबुलेंस में इन दिनों ऑक्सीजन की खपत भी अचानक से बढ़ गई थी इसके पीछे कोरोना से संबंधित केस तो है ही हैं तो कोई भी केस में जब मरीज को अस्पताल तक पहुंचाया जाता था तो वहां बेड के अभाव में मरीजों को 2 से 4 घंटे तक एंबुलेंस में ही रखना पड़ता था ऐसे में जितनी देर तक भी एंबुलेंस में मरीज रहते थे तो ऑक्सीजन चालू रहता था और यही वजह है कि ऑक्सीजन की खपत पहले से ज्यादा हुई और तेजी से टंकी खाली होती गई इस पर गौर करते हुए अब ऑक्सीजन सप्लाई में कमी ना हो इसका ध्यान रखने की बात संबंधित कंपनी के अधिकारी कह रहे हैं उम्मीद की जा रही है कि आगे कोई दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा जिस तरह सरकार अस्पतालों में ऑक्सीजन सप्लाई को बढ़ावा दे रही है तो उसी तरह संजीवनी एक्सप्रेस की सेवा भी ऑक्सीजन लेस हो इसका इंतजाम संबंधित कंपनी करने का दावा कर रही है।

जिले में तीन नए शव वाहन की खरीदी, नपा अध्यक्ष गफ्फु ने की थी मांग

गरियाबंद। जिला प्रशासन ने तीन नए शव वाहन की खरीदी की है। जो गुरूवार को गरियाबंद पहुँच गए है। इन वाहनो को छुरा, फिंगेश्वर और देवभोग ब्लाक में दिया जाएगा। नए वाहन के आने के बाद मरीज की मृत्यु उपरांत उनके परिजनो को शव ले जाने में आने वाली समस्या से निजात मिलेगी। ज्ञात हो कि जिले में कोरोना संक्रमण बढ़ने के बाद से मृत्युदर में भी इजाफा हुआ है। वही कई बार देखा गया है कि कोरोना पाजीटीव मरीज के मृत्यु के बाद उसे परिजनो को शव ले जाने में समस्याओ का भी सामना करना पड़ता है कई बार घंटो इंतजार भी करना पड़ा है। इसे देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने भी 16 अप्रैल को कलेक्टर नीलेश क्षीर सागर को जिले के लिए दो नए शव वाहन खरीदी करने की मांग की थी। जिसके बाद तत्काल कलेक्टर ने इसमें संज्ञान लेते हुए राज्य शासन को वाहन खरीदी के लिए प्रस्ताव भेजा, आज पांच दिन ही जिले के लिए तीन शव वाहन पहुँच गए है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि नए वाहन छुरा, फिंगेश्वर और देवभोग ब्लाक में दिए जायेंगे। उल्लेखनीय है कि कोरोना संक्रमण बढ़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कोरोना मरीज या अन्य मरीज की मृत्यु के बाद नीजी वाहन चालक उनके शव को ले जाने के लिए कतराते है। वही अस्पताल में वाहन की कमी के कारण परिजनो को शव ले जाने के लिए घंटो इंतजार करना पड़ता है हाल में छुरा और गरियाबंद अस्पताल में ये स्थिति देखने को मिली है।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने पूजा अर्चना कर शुरू कराया हेडपम्प खनन कार्य

मैनपुर। मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम अमलीपदर के गोटियापारा में हेडपम्प नही होने के कारण गोटियापारा के निवासियों को इस भीषण गर्मी में पेयजल व निस्तार को लेकर भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा था और यहा के लोगो ने हैण्डपंप खनन की मांग को लेकर अमलीपदर के सक्रिय युवा नेता पंकज मांझी से हेडपम्प खनन करवाने की मांग किया जिसके बाद युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज मांझी ने पीएचई विभाग के जिलाधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराते आश्रित पारा के निवासियों के लिये हैडपम्प खनन की स्वीकृति दिलाई और आज गुरूवार को युवा कांग्रेस नेता पंकज मांझी ने पूजा अर्चना कर हेडपम्प खनन का शुभारंभ करवाया साथ ही क्षेत्र के अनेक ग्रामों में पेयजल समस्याओं को देखते हुए हेडपम्प खनन जल्द करवाने की बात कही है। इस दौरान प्रमुख रूप से पंच भारत कुंजाम, केवल कुंजाम, चेतन राम, भुवन मरकाम, चंदर नागेश, जयलाल यादव, डोमार नागेश सहित ग्रामीणो ने पंकज मांझी का आभार जताया है।

प्रशासन के दिशा निर्देश का पालन करते हुए संकट के दौर में करें जिम्मेदारी पूर्वक मदद व सहयोग

साजा। ब्लाक मुख्यालय साजा सहित पूरे ग्रामीण अंचलों में बढ़ते कोरोना महामारी को देखते हुए ब्लाक कांग्रेस कमेटी साजा अध्यक्ष संतोष वर्मा ने कृषि एवं जलसंसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे के निर्देश पर क्षेत्रवासियों को शासन प्रशासन के गाइडलाइंस व दिशानिर्देश का अनुपालन करने की अपील की है। साथ ही ऐसे संक्रमण के दूसरे दौर व लॉकडाउन के मुश्किल दौर में समाजसेवी व जागरूक जनमानस से बढ़ चढ़कर सहयोग, मदद व सेवा कार्य करने की गुजारिश की है। गौरतलब हो कि साजा नगर सहित ब्लाक के पूरे गांवों में दिन प्रतिदिन महामारी कोविड -19 संक्रमण के मामले सामने आ रहे है।क्षेत्रभर में लगे ज़िलाव्यापी लॉकडाउन के बावजूद भी खतरनाक कोरोना वायरस का फैलाव कम होने का नाम ही नही ले रहा है।जिसको ध्यान में रखते हुए ब्लाक अध्यक्ष ने कृषि मंत्री के निर्देश पर आम जनमानस को ऐसे भीषण समय मे सतर्कता व सावधानी बरतने के साथ शासन प्रशासन के प्रोटोकॉल को जिम्मेदारी पूर्वक पालन करने की बात कही।

किसानों पर दोहरी मार, एक घण्टे में सबकुछ हुआ स्वाहा

गरियाबंद। कोरोना की मार झेल रहे ग्रामीणों को दोहरी मार झेलने पर मजबूर होना पड़ा रहा है। कोरोना महामारी से परेशान किसानों को प्रकृति की मार भी झेलनी पड़ रही है। अचानक हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि से बकली गांव के सैकड़ो किसान तबाह हो गए है। धान की पकी हुई फसल ओलावृष्टि से बर्बाद हो गयी है।

गांव के किसान कृष राम धृतलहरे, भारत लाल मिरी, अंजोर साहू, बल्ला साहू, डिगेश साहू, रंगी राम यादव, हेमंत साहू, हिराधर साहू, सतीश कुमार, राकेश साहू, शयमलाल आडिल, विष्णु मन्नाडे, रामपाल मिरी, किशुन साहू, हरिशंकर साहू, शेखर साहू और कुम्ही निवासी केवल बघेल, बैशाखू धुर्वे एवं अंजोर साहू ने बताया कि बारिश के साथ ओलावृष्टि से उनकी धान की पकी हुई धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गयी है। ओलावृष्टि के कारण बालियों से धान झड़ गया है अब केवल डंठल खड़े है।

किसानों ने बताया कि इससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है। कर्ज लेकर उन्होंने फसल तैयार की थी और जब कटाई का समय आया तो फसल बर्बाद हो गयी। उन्होंने बताया कि गांव के सैकड़ो किसानों की 300 एकड़ से अधिक धान की फसल बर्बाद हुई है। इसके अलावा सब्जी की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए बताया कि चार महीने की जीतोड़ मेहनत के बाद फसल तैयार होती है। फसल की बुआई से लेकर उसकी निदाई ओर कटाई तक मोटा खर्च करना पड़ता है। खाद बीज और दवाई का खर्च अलग। अब इतना खर्च करने के बाद जब फसल बर्बाद होती है तो आमदनी होना तो दूर सेठ के ब्याज की रकम लौटना भी मुश्किल हो जाता है।

पीड़ित किसानों ने बताया कि उन्हें प्रकृति की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। एक तो कोरोना ने उनका जीना मुहाल कर रखा है दूसरा ओलावृष्टि ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। ऐसे में किसानों के सामने घर चलाने का संकट खड़ा हो गया है। किसानों ने शासन से मुआवजे की मांग की है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश एवं मंत्री उमेश का कांग्रेसियों ने जताया आभार

खरसिया। 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को निशुल्क कोरोना वैक्सीन लगाए जाने का प्रदेश सरकार के निर्णय का कांग्रेस नेताओं ने स्वागत किया है और इसके लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेष बघेल एवं केबिनेट मंत्री उमेश पटेल का कांग्रेसियों ने आभार जताया है। विश्वैविक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) के भयावह रूप में होने के कारण उसके असर को कम करने हेतु छत्तीसगढ़ की संवेदनशील कांग्रेस सरकार निरंतर हरसंभव प्रयास कर रही है, ज्यादा से ज्यादा टेस्टिंग, बेड की उपलब्धता एवं आक्सीजन की व्यवस्था की जा रही है। वर्तमान में 18 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों को कोविड यैक्सीन लगाने का आदेश केन्द्र सरकार ने जारी किया है, इसकी मांग कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी ने एवं छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेष बघेल द्वारा की गई थी ताकि वैश्वीक महामारी कोविड-19 से अधिक से अधिक लोगों को सुरक्षित किया जा सकें।

विरोध | कोरोना काल में सरकार से मांग रहे 50 लाख का बीमा कवर, वरना नहीं करेंगे क्वॉरेंटाइन सेंटर की निगरानी

पेंड्री सरपंच की मौत के बाद अन्य सरपंच हो रहे लामबंद

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। गुंडरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत पेंड्री के सरपंच संजीत कुमार के मौत के बाद अन्य पंचायत सरपंच में दहशत का माहौल है तो वही अब शासन प्रशासन तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए सेक्टरवार पंचायत सरपंच अपने-अपने ब्लॉक अध्यक्षों को आवेदन दे रहे हैं कि हमें 50 लाख का बीमा कवर दिलाया जाए। वरना हम प्रवासी मजदूरों व क्वॉरेंटाइन सेंटर की निगरानी नहीं करेंगे। इस संबंध में डुंडेरा ई पंचायत सेक्टर में आने वाले विभिन्न पंचायत के सरपंचों ने सामूहिक रूप से एक आवेदन सरपंच संघ अध्यक्ष के नाम से दिया है। जिसमें कहा गया है कि वर्तमान कोरोना काल में सभी सरपंच शासन प्रशासन के नियमों का पालन कर रहे हैं लेकिन सरपंचों के लिए अभी तक कोई बीमा कवर नहीं दिया गया।ग्राम पंचायत पेंड्री के संजीत साहू के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस संकट के समय उनके परिवार वालों को असीमित दुख सहने की शक्ति व संबल प्रदान करें। तो वही संजीत साहू कोरोना काल में अपने गांव की सुरक्षा व शासन के नियमों का पालन करते कोरोना के कारण आज हमारे बीच नहीं रहे। लेकिन उनके परिवार के भविष्य के लिए ?50 लाख की बीमा कवर शासन को देना चाहिए व हम सभी सरपंचों के लिए कोरोना काल के 50 लाख की बीमा राशि का प्रावधान होना चाहिए। सभी सरपंचों ने चार प्रमुख मांगों को शासन प्रशासन के समक्ष रखा। जिसमें पहली मांग है कि हम सभी सरपंचों का कोरोना काल में अगर कोरोना से हमारे जीवन की क्षति होती है तो ?50 लाख के जीवन बीमा और ?25 लाख की दुर्घटना बीमा का प्रावधान होना चाहिए नहीं तो हम किसी प्रवासी मजदूर या क्वॉरेंटाइन सेंटर में निगरानी नहीं करेंगे। दूसरी मांग है जब तक गांव में मनरेगा काम चलेगा तब तक सभी सरपंचों को प्रोत्साहन राशि के रूप में जितना मजदूरों को पैसा मिलता है उतना राशि ?10000 मासिक भत्ता दिया जाए। तीसरी मांग है में ?50 हजार से कम की राशि का स्टीमेट नहीं लिया जाए व पंचायत को स्वतंत्र छूट दिया जाए कि वह अपने कार्य योजना के हिसाब से स्वतंत्र कार्य कर सके। चौथी मांग है सभी पंचायतों की मूलभूत राशि जल्द से जल्द पंचायतों के खाते में दिया जाए। उक्त मांगे प्रमुख रूप से कुरदी पंचायत सरपंच संजय साहू, डुंडेरा के छबीलाल कोर्राम, पिरिद के अवध राम साहू, सेक्टर अध्यक्ष लवन चंद्राकर चौरेल सरपंच, धनगांव के अंजोर से निषाद, नवागांव के मुकेश कुमार, बासीन के संतोष तारम, खेरुद के योगेश साहू सहित आसपास के पंचायत सरपंच ने रखी है।

क्या कहा अध्यक्ष ने

वही इस संबंध में सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष लेखक चतुर्वेदी व ब्लॉक अध्यक्ष डोमन देशमुख ने कहा कि हम सरपंचों की मांगों को लेकर आगे कदम बढ़ा रहे हैं और संघ की ओर से भी शासन-प्रशासन तक अपनी मांगे पहुंचा रहे हैं कोरोना काल में जान जोखिम में डालकर सभी सरपंच काम कर रहे हैं। 50 लाख का बीमा कवर मिलना ही चाहिए और जो भी मांगे हैं उन्हें पंचायत मंत्री और मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं ताकि सरपंचों की जान सुरक्षित हो और अगर सरपंचों को कहीं कुछ होता है तो उनके परिवार को एक सहारा मिल सके।

जनअदालत लगाकर जवान की जान ली जाए या बख्शी जाये फैसला करेंगे नक्सली

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। बीजापुर जिले में डीआरजी जवान एसआई मुरली ताती का नक्सलियों ने कल अपहरण कर लिया था.जिसके बाद से ही बंधक जवान की रिहाई के प्रयास जारी है। बताया जा रहा है जवान का अपहरण पालनार गांव से नक्सलियों ने किया है। जवान की सकुशल रिहाई के लिये पुलिस पार्टियां गंगालूर थानाक्षेत्र के इलाके में निकाली गई है।

अंदर खेमे से छन-छनकर जानकारी यह भी आ रही है, कि नक्सली बंधक जवान को लेकर एक बड़ी जनअदालत लगाने की तैयारी में है. जहाँ बंधक जवान के परिजनों को भी बुलाया गया है। साथ ही एसआई मुरली ताती की पतासाजी में निकले कुछ ग्रामीणों को नक्सलियों ने पालनार के पास ही ब्रेक कर दिया है।

हाल में ही नक्सलियों ने कोबरा के जवान राकेश्वर मनहास को 7 दिन तक बंधक रखने के बाद जनअदालत लगाकर मीडिया के हवाले सुपुर्द कर दिया था, जिसके बाद नक्सलियों ने जवान को सकुशल घर तक पहुँचाने की भी अपील की थी। जिसके बाद से ही लोगो मे चर्चा जमकर चलने लगी है कि डीआरजी के अगवा एसआई मुरली ताती को भी नक्सली जनअदालत लगाकर छोड़ सकते हैं।

ड्रोन अटैकः दक्षिण सबजोनल ने जारी किया आडियो टेप, कहा मध्यवर्ती टीम भेजो हमले की जगह दिखा देंगे

दंतेवाड़ा। नक्सलियों ने प्रेसनोट जारी कर 12 बम ड्रोन से गिराये जाने का खुलासा किया था, जिसके बाद बस्तर आईजी पी सुंदरराज ने नक्सलियों के प्रेसनोट का खंडन कर ड्रोन हमले की बात को निराधार बता दिया।

अब दुबारा नक्सलियों की सब जोनल टीम ने एक ऑडियो क्लिप जारी कर पुलिस के दावों को खारिज करते हुये कहा कि मध्यवर्ती टीम को भेजो हम हमले की जगह दिखा देंगे।

माओवादियों ने बम बारी करने वाले दोनो ड्रोन को मार गिराने किया दावा । माओवादियों के दक्षिण सब जोनल ब्यूरो ने जारी किया प्रेस नोट । सबूत के तौर पर जारी किया मार गिराए गए ड्रोन की तस्वीर

सीसीटीवी कैमरे की निगाहों में अब होंगे कोविड वार्ड

- मरीजों के लिए होगी माइक की व्यवस्था, परिजन व कलेक्टर खुद रखेंगे इलाज पर निगरानी

नवप्रदेश संवाददाता

कोण्डागांव। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने संपूर्ण जिले में लॉकडाउन लागू होने के पश्चात सर्वप्रथम दो कंटेनमेंट जोन का दौरा किया, इस दौरान उन्होंने कंटेनमेंट जोन के भीतर व्यवस्था निर्माण एवं सुविधाओं के लिए निर्देशित किया साथ ही उन्होंने जिला अस्पताल पहुंच बनाये गए डेडीकेटेड कोविड-19 अस्पताल जा कर वहां मरीजों के लिए की गई व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान एसडीएम बीआर ध्रुव सीएचएमओ टीआर कुंवर, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक संजय बसाख, बीएमओ आरके सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि कलेक्टर के निर्देश पर जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से डेडीकेटेड कोविड-19 हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा है। जिसके लिए कलेक्टर द्वारा जिला अस्पताल प्रबंधन की बैठक लेकर कोविड-19 अस्पताल में प्रति दिवस तीन पालियों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की ड्यूटी लगा कर उन्हें मरीजों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए चिकित्सा अधिकारी डॉ रूपेंद्र साहू एवं मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ रोहित तातेड़ को नियुक्त किया गया है। डॉ रूपेंद्र साहू प्रतिदिन प्रातः 09 बजे एवं दोपहर 12:30 बजे एवं डॉ रोहित तातेड़ सायं 07 बजे मरीजों का निरीक्षण करेंगे।

सीसीटीवी की मदद से कलेक्टर व परिजन रख सकेंगे मरीज वउपचार पर नजर

प्रत्येक कोविड वार्ड में सीसीटीवी कैमरे व बोलने हेतु माइक लगवाए जा रहे हैं, इनका सीधा प्रसारण वार्ड के बाहर प्रतीक्षालय में मरीजों के परिजनों के लिए किया जाएगा साथ ही इन सीसीटीवी कैमरे को जिला कार्यालय से भी जोड़ा जाएगा। जहां से कलेक्टर द्वारा स्वयं वार्डों का निरीक्षण किया जाएगा।

सरकारी हैंडपंप पर दबंग शिक्षाकर्मी का कब्जा

नवप्रदेश संवाददाता

मैनपुर। भीषण गर्मी के सीजन में पेयजल एवं निस्तारी के लिए ग्रामीण रहवासियों को कितना तकलीफउठाना पड़ता है। जिसका नजारा जिम्मेदारों को ग्रामीण इलाकों में तहकीकात कर देखा जा सकता है। शुद्ध पेयजल एवं निस्तारी के लिए ग्रामीणों को गर्मी के दिनों में तकलीफना हो इसके लिए शासन प्रशासन के द्वारा हर संभव प्रयास भी किया जाता है। लेकिन कुछ जगहों में ग्रामीणों के समस्याओं को नजरअंदाज करते हुए नियम कानून को ताक में रखकर दबंगों के द्वारा सरकारी बोरिंग में भी कब्जा करते हुए अपने एवं परिवार के लिए उसमें मोटरपंप बोर लगाकर उपयोग किया जाता है। जिसका विरोध तो कम पढ़े लिखे ग्रामीण दबे जुबान से करते तो हैं,, लेकिन ग्रामीण समुदाय गंभीर समस्या झेलने के बावजूद भी दबंगों से मुकाबला नहीं कर पाते हैं। ऐसे कृत्य करने वालों के ऊपर शासन प्रशासन को अंकुश लगाने की नितांत आवश्यक है।नहीं तो ऐसे मामले हर इलाकों में होना स्वभाविक हो जाता है।

मामला कहां का और कैसा है

विकासखंड मुख्यालय मैनपुर से 65 किलोमीटर की दूरी पर बसा उरमाल के समीप ग्राम सरगीगुडा का मामला है। जहां पर कश्यप पारा वार्ड नंबर 8 जहां पर 30 से 40 परिवार निवासरत हैं। रहवासियों के मांग के अनुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की ओर से हैंड पंप बोरिंग खनन किया गया था।जिससे वार्ड वासी पेयजल और निस्तारी का उपयोग करते रहे हैं।

हैंडपंप में दबंग शिक्षाकर्मी का चला चक्रव्यू

दबंग शिक्षाकर्मी वर्ग 3 पदस्थ सरगीगुडा विवेक कश्यप जिनका भाई भूपेंद्र कश्यप रोजगार सहायक उनके परिवार से ही उपसरपंच,मितानिन जो रौबदार दबंगई के चलते उसी सरकारी हैंडपंप में मोटर पंप स्थापित करके खुलेआम कुछ वर्षो से पानी का उपयोग कर रहा है। रौबदार शिक्षाकर्मी के घर में टैंक तक जब तक पानी नहीं पहुंचाया जाता है। तब तक एक बूंद पानी के लिए तरसने वाले वार्ड वासियों को उसी हैंड पंप के समीप खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है। ग्रामीणों के लिए नया विकल्प भी नहीं किया गया। दबंग शिक्षाकर्मी चाहते तो एक नहीं कई हैंड पंप निजी तौर से खनन करवा सकता है। लेकिन ग्रामीणों के ऊपर अत्याचार करना होता है। तो ऐसा ही सरकारी संपत्तियों पर एकाधिकार जमाने का नाहक प्रयास किया करते हैं। इन सब को जानकर भी ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों ने चुप्पी साधी हुई है। शायद दबंग शिक्षाकर्मी के रौब से भयभीत हो।

संबंधित विभाग को तत्काल संज्ञान लेने की जरूरत

एक तो विवेक कश्यप शासकीय कर्मचारी और शासकीय हैंडपंप पर एकाधिकार नियम कानून को ताक में रखकर मोटर पंप लगाया गया है। जिस पर तत्काल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिलाधिकारी को संज्ञान में लेते हुए उस हैंडपंप को एकाधिकार से मुक्त कराने की नितांत आवश्यक होगी। अन्यथा बेसहारा जरूरतमंद लोगों के परेशानियों का समाधान नहीं निकल पाएगा ।

डोकरी घाट से अवैध परिवहन रेत भरे ट्रैक्टर पर कार्यवाही

- चंदनबिरही, नवागांव , रंगकठेरा घाट पर भी कार्यवाही की आवश्यकता

नवप्रदेश संवाददाता

गुंडरदेही। गुंडरदेही के डोकरी घाट पर रात 9ः बजे गुंडरदेही पुलिस की कार्यवाही ,लगातार गुंडरदेही के मां तांदुला नदी के सीना चीर कर रेत निकालने वालों पर लगातार गुंडरदेही पुलिस कर रही है। कार्यवाही, पर गुंडरदेही के चंदनबिरही , नवागांव क्षेत्र से अवैध रूप से निकल रहे रेत पर क्यों नहीं हो रहा है ।कार्यवाही, आखिर रेत माफ़िया दबी जुबान से कह रहे किसी अधिकारी के बंगला में रेत डालने के कारण कार्यवाही करने में हाथ-पांव फूल रहे हैं इसका तो जांच बहुत जरूरी है पूर्व में गुंडरदेही पुलिस नहीं बल्कि बालोद के यातायात पुलिस ने किया था चा ट्रैक्टर पर कार्यवाही आखिर कब तक चलता रहेगा यह सिलसिला ,आखिर राज्य सरकार को राजस्व देने वाला अधिकारी भी क्यों नहीं दे रहे ध्यान ,विगत दिनो गुंडरदेही पुलिस ने ट्रैक्टर पर सीकोसा में कार्रवाई किया था आज गुंडरदेही के डोकरी घाट से कार्यवाही किया है , आखिर रेत चोरी के पीछे खनिज विभाग का मौन सहमति क्यों बना है।

प्रशासन को भरे लॉकडाउन में परेशान कर नियम उल्लंघन करने वाले रेत माफ़िया व उनके ड्राइवर पर क्या प्रतिबंधात्मक कार्यवाही या धारा 144 का उल्लंघन की कार्यवाही क्यों नही किया जा रहा है।जिस क्षेत्र से सरकार की राजस्व नुकसान हो रहा है उसमें जिम्मेदार राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारी होते हैं बताया जा रहा है कि इस कार्यवाही में थाना प्रभारी नवल किशोर कश्यप ने स्वयं नदी पहुंचकर एवं उनके साथ हवलदार वीरेंद्र साहू प्रवीण सोनी धोपेश्वर देवांगन के प्रयास से एक रेत माफ़िया को रात 9ः बजे बघमरा रेत घाट पर धर दबोचा और माफ़िया बड़ा चतुराई से भागने की प्रयास कर रहे थे पर गुंडरदेही पुलिस की टीम ने चारों तरफ से घेराबंदी कर एक ट्रैक्टर को पकड़ा बताया जा रहा है कि जिस जगह से रेत निकाला गया है उस जगह पर लगभग 200 ट्रिप रेत निकाल चुका है परिवहन करने वाले ड्राइवर का नाम महेंद्र कुमार पिता धीरज सिंह उम्र 27 वर्ष ट्रैक्टर क्रमांक छ,त. 04 ष्ठ 6549। गाड़ी को गुंडरदेही पुलिस ने जब्ती कर धारा 102 के तहत कार्यवाही कर खनिज विभाग को सौंपने की तैयारी कर रहे हैं

थाना प्रभारी नवल किशोर कश्यप से जानकारी के अनुसार उन्होंने बताया बघमरा नदी से लगातार रेत चोरी होने का शिकायत मिल रहा था जिस को ध्यान में रखकर पुलिस पेट्रोलिंग की टीम के साथ कार्यवाही किया गया।

फर्नीचर खरीदी मामले में गोलमोल जवाब से गड़बड़ी की आंशका

लाखों की खरीदी पर किसी के पास जानकारी नहीं यह कैसा गड़बड़झाला

- बीएमओ कह रही विधायक से पूछो आखिर माजरा क्या है?
- फर्नीचर खरीदी के मामले को लेकर स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ व अन्य जिम्मेदारों पर उठ रही उंगली आखिर ऐसा क्यों ?

नवप्रदेश संवाददाता

गुंडरदेही।गुंडरदेही नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 10 लाख रुपए की फर्नीचर खरीदी को लेकर तरह-तरह के सवाल सामने खड़े हो रहे है। और बड़ी बात यह है। कि स्वास्थ्य बहुउद्देश्यीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने भी इस मामले में कई सवाल खड़े कर मामले पर कार्यवाही की मांग कर दिया है। व दोषियों पर कार्यवाही की बात कही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुंडरदेही में वर्तमान समय मे जब विभाग के कर्मचारी कोरोना की इस महामारी के सामने संक्रमितों के बीच डटकर मुकाबला कर रहे है। जहां संघ उनको स्वास्थ्य सुविधा जो इलाज के दौरान इन कर्मचारियों को आवश्यक हो इसको उपलब्ध कराने की बात कह रहे वही कोरोना काल में स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार पद पर बैठे बीएमओ डॉक्टर रेणुका प्रसन्ना पर फर्नीचर खरीदी के आरोप लग रहे है। जानकारों की माने तो राज्य सरकार के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र को कोरोना काल से राहत देने 10 लाख रुपए की राशि कोरोना से निपटने व आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने को लेकर राशि आवंटन हुआ है। लेकिन इन राशि का उपयोग फर्नीचर खरीदी में करने की बात आ रहा है। और बड़ी बात यह कि जिनके ऊपर आरोप लग रहा है।तो गुंडरदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ को नहीं मालूम कि फर्नीचर किसने खरीदी किया, कौन से मद से खरीदी हुआ, कौन से फर्म से खरीदी हुआ कुछ नही मालूम तो आखिर इतनी बड़ी राशि का समान आखिर कैसे केंद्र में पहुंच गया वाकई में जांच का विषय तो बन रहा है। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के लोग आरोप लगा रहे कि आवश्यक चिकित्सा सामग्री के बिना संक्रमितों के इलाज में लगे कर्मचारियों की मौत हो रहा है। वही लगभग 40 से 50 लोग भी कोरोना संक्रमण से प्रभावित हुए है। वही एक कि जान चली गई है।

संघ का कहना

चिकित्सा सामानों की कमी के चलते सिरसिदा के फार्मासिस्ट की मौत हो गई वही कुछ ही घण्टो बाद उनकी पत्नी की मौत हुई व दो दिनों के अंदर उनके बेटे की जान चली गई ,वही मृतक के निवास स्थल खप्परवाड़ा में 42 संक्रमित कोरोना से जीवन की लड़ाई लड़ रहे है।

मैंने 3 माह पहले राज्य शासन को पत्र लिखा था गुंडरदेही और अर्जुंदा स्वास्थ्य केंद्र में शव को रखने फ्रिज एवं पीएसी सीएससी के लिए आवश्यक सामग्री जैसे कूलर टेबल कुर्सी के लिए अब गुंडरदेही स्वास्थ्य केंद्र में कौन सा फर्नीचर आया है इस संबंध में मैं कुछ देख कर ही बता पाऊंगा, अगर राज्य शासन के गाइडलाइन से हटकर फर्नीचर सामान की खरीदी होगी तो जांच होगी।

कुंवर सिंह निषाद, क्षेत्रीय विधायक संसदीय सचिव

राज्य शासन और जिला प्रशासन के द्वारा कोरोना से निपटने सामाजिक संगठन से भी सहयोग मांगा जा रहा है पर राज्य शासन के राशि का अभी करोना कॉल मे फर्नीचर खरीदना है ।अगर किसी योजना के तहत यदि फर्नीचर प्राप्त हुआ है तो कोई बात नहीं अगर मद परिवर्तन कर फर्नीचर खरीदी की गई होगी तो जांच करवाऊंगी।

सोना देवी देशलहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष

बीएमओ से जानकारी लेने पर उनका कहना है। कि क्षेत्रीय विधायक ही इस पर कुछ बता पाएंगे और आगे कहा कि जिला प्रशासन से खरीदी हुआ है। तो इस मामले पर सही तथ्य आमजन के सामने आना चाहिए कि कही आर्थिक अनियमितता तो नही किया गया है। राज्य सरकार ने आवश्यक सामान खरीदी के लिए राशि आवंटन किया है। यदि गलत तरीके से फर्नीचर की खरीदी होगी तो बर्दाशत नहीं करेंगे।

प्रमोद जैन, भाजपा जिला महामंत्री

गलत हुआ है। भष्ट्राचार के खिलाफअंतिम समय तक लड़ाई लड़ेंगे बीएमओ को हटाया जाये

घनश्याम पूरी , कर्मचारी संघ अध्यक्ष

शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने निकाला फ्लैग मार्च

- कोविड-19 कोरोनावायरस महामारी के चैन को तोड़ने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने किया गया अपील

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा कबीरधाम जिले के समस्त थाना एवं चौकी /प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर आम जनों को कोरोनावायरस कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रकोप को कम कर महामारी की चैन तोड़ने के लिए आवश्यक जानकारी देकर जागरूक करने निर्देशित किया गया है। जिस पर पुलिस टीम द्वारा महामारी से बचाव के आवश्यक निर्देशों का पालन करते हुए जिले के सभी वार्ड, मोहल्ले, गाँव में आम जनों के बीच जाकर जानकारी दिया गया कि शासन प्रशासन द्वारा द्वारा दिनांक 21/04/2021 को शाम 4:00 बजे के बाद से 29/04/2021 के प्रातः 6:00 बजे तक पूरे कबीरधाम जिला को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। तथा अनावश्यक घर से बाहर निकलने की सख्त मनाही है। साथ ही आवश्यक गाइडलाइन जारी किया गया है, जिस की पूर्ण जानकारी दी गई। कबीरधाम पुलिस के द्वारा कबीरधाम जिले के शहरी एवं ग्रामीण तथा वनांचल क्षेत्र में पुलिस के अधिकारी एवं जवानों के द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर आम जनों को कोरोना महामारी से बचाव के लिए लॉक डाउन का पालन करने लाउडस्पीकर के माध्यम से समझाइश दिया गया।